आवस्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली,गाजियाबाद,नोएडा,शामली,अमरोहा,मेरठ,लखनऊ से प्रसारित

दैनिक
# उजाला हितैषी एक्सप्रेस
सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 | अंक : 152 | हापुड़, गुरुवार 19 दिसंबर 2024 | RNI.NO. UPHIN/2020/86789 | मूल्य:03 | पेज: 06

## उत्तर प्रदेश के संभल में रंजिश में अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या

संभल । संभल जिले में बुधवार सुबह मोटरसाइकिल सवार कुछ लोगों ने एक अधिवक्ता की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मामला पुरानी रंजिश का प्रतीत होता है और एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। उसने बताया कि घटना बहजोई थाना क्षेत्र की है जब अधिवक्ता सत्यपाल नेटा गांव से दूध लेकर बहजोई अपने घर आ रहा था तभी बिजली घर के पास मोटरसाइकिल सवार दो लोगों ने उस पर गोली चला दी। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया गया। उन्होंने बताया कि मुरादाबाद ले जाते समय रास्ते में ही सत्यपाल ने दम तोड़ दिया। पुलिस अधीक्षक के अनुसार मृतक के भाई नरेश कुमार ने हत्या में गणेश नामक व्यक्ति की संलिप्तता का आरोप लगाया है जिसकी उनके भाई के साथ रंजिश थी। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। बिश्नोई ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में घटनास्थल पर एक मोटरसाइकिल पर कुछ लोग नजर आ रहे हैं और मामले की जांच की जा रही है।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित करने की योजना में थी सरकार, मैं हुआ बेहोश - अजय राय

लखनऊ । उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ता प्रभात पाण्डेय को मृतक घोषित किये जाने के बाद उनके परिजनों से मुलाकात की। वहां से निकलने पर अजय राय ने मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रदेश सरकार कल से योजना में थी, कांग्रेस कार्यकर्ताओं को कैसे प्रताड़ित किया जाये। प्रदर्शन के दौरान हमें इतना धक्का मारा गया कि मैं बेहोश होकर गिर पड़ा। अजय राय ने कहा कि मेरे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के सिर पर लाठियां मारी गयी। मेरे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को लाठियों से मारा गया। इसके लिए आगे हम तहरीर देंगे। धारा 302 मुकदमा दर्ज करायेंगे। कांग्रेस के अपने कार्यकर्ता प्रभात पाण्डेय की मौत हुई है। गोरखपुर के रहने वाले थे और यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव रहे। कांग्रेस अपनी तरफ आगे की कार्रवाई करने जा रही है।

## एकेटीयू छात्रों ने ट्रेनिंग में फ्लिपकार्ट क्लोन बनाया

लखनऊ । डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग की ओर से बीटेक तृतीय वर्ष के छात्रों के लिए तीन दिवसीय वेब तकनीकी पर प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन छात्रों ने कम्प्यूटर लैंग्वेज को सीखा। इस दौरान विशेषज्ञों ने छात्रों से प्रोजेक्ट वर्क भी कराया। जिसके तहत छात्रों ने फ्लिपकार्ट क्लोन बनाया। सॉफ्टप्रो इंडिया कम्प्यूटर टेक्नोलॉजीस के सहयोग से आयाजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से छात्र काफी लाभान्वित होंगे। कुलपति प्रो जेपी पाण्डेय के निर्देशन में इस तरह के आयोजन किये जा रहे हैं। तीन दिनों में विशेषज्ञों के निर्देशन में छात्र कम्प्यूटर लैंग्वेज एचटीएमएल, सीएसएस, जेएस, बूटस्ट्रेप आदि के बारे में जानेंगे। इस दौरान डीन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट प्रो0 नीलम श्रीवास्तव, कंपनी के चीफ टेक्निकल ऑफ़िसर रोहित कुमार, हरीश चंद्रा, प्रतिभा शुक्ला, शिशिर द्विवेदी, अक्षत पाठक, आसिफ अंसारी, सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## कुपवाड़ा में एलओसी के पास हथियार और मादक पदार्थ बरामद

श्रीनगर । जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास सुरक्षा बलों ने हथियार, गोला-बारूद और मादक पदार्थ बरामद किए हैं। सेना ने बुधवार को यह जानकारी दी। सेना ने बताया कि मंगलवार को तंगधार के अमरोही में पुलिस के साथ मिलकर यह बरामदगी की गई। श्रीनगर स्थित चिनार कॉर्प्स ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर 17 दिसंबर को भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सामान्य क्षेत्र अमरोही, तंगधार, कुपवाड़ा में एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया। तलाशी के दौरान चार पिस्तौल, पिस्तौल की छह मैगजीन, लगभग चार किलोग्राम मादक पदार्थ और अन्य युद्धक सामग्री बरामद की गई है। पोस्ट में कहा गया, चिनार कॉर्प्स कश्मीर को आतंक-मुक्त रखने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम है।

## चाय की केतली लेकर कांग्रेस विधायकों का अनोखा प्रदर्शन, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सरकार पर लगाया आरोप

भोपाल । बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों ने विधानसभा परिसर में चाय की केतली और बैनर, पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया। मध्यप्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन कांग्रेस विधायकों ने युवाओं की बेरोजगारी के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। यह प्रदर्शन नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस के विधायकों द्वारा मध्यप्रदेश विधानसभा में गांधी प्रतिमा के पास किया गया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और कांग्रेस के विधायकों ने हाथ में चाय की केतली और गिलास लेकर सरकार पर बेरोजगारी को लेकर गंभीर सवाल उठाए। इस अनोखे प्रदर्शन को लेकर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि सरकार ने युवाओं को 2 लाख नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन वो पूरा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि आज पुलिस भर्तियां नहीं हो पा रही, संविदा शिक्षक भर्ती नही हो पा रही, डॉक्टरों की भर्तियां भी रुकी पड़ी है। ये सरकार बच्चों को पढ़ाने के बाद नौकरियां नही देना चाहती। उमंग सिंघार ने कहा कि आज का युवा क्या मोदी जी की चाय बेचेगा? उन्होंने कहा कि पूरा कांग्रेस विधायकदल युवाओं के साथ है और सरकार को रोजगार को लेकर जवाब देना पड़ेगा।

## दलितों व उपेक्षितों के एकमात्र बाबा साहेब अम्बेडकर- मायावती

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी को नसीहत दी है। कहा कि बाबा साहेब के नाम पर राजनीतिक रोटी सेंकने की बजाए उनका आदर सम्मान करें। मायावती ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि कांग्रेस व भाजपा एण्ड कम्पनी के लोगों को बाबा साहेब डा. भीमराव आम्बेडकर की आड़ में अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने की बजाय, इनका पूरा आदर-सम्मान करना चाहिये। इन पार्टियों के लिए इनके जो भी भगवान हैं, उनसे पार्टी को कोई ऐतराज नहीं है। लेकिन दलितों व अन्य उपेक्षितों के लिए एकमात्र इनके भगवान केवल बाबा साहेब डा. भीमराव आम्बेडकर हैं। उनकी वजह से ही इन वर्गों को जिस दिन संविधान में कानूनी अधिकार मिले हैं, तो उसी दिन इन वर्गों को सात जन्मों तक का स्वर्ग मिल गया था। अत- कांग्रेस, भाजपा आदि पार्टियों का दलित व अन्य उपेक्षितों के प्रति प्रेम विशुद्ध छलावा है। इनसे इन वर्गों का सही हित व कल्याण असंभव है। इनके कार्य दिखावटी ज्यादा, ठोस जनहितैषी कम है। बहुजन समाज व इनके महान संतों, गुरुओं, महापुरुषों को समुचित आदर-सम्मान बसपा की सरकार में ही मिल पाया है। यूपी में भी गरीबी बेरोजगारी व महंगाई आदि से लोग त्रस्त है। ऐसे लोगों के हितों में यहां चल रहे विधानसभा सत्र में सरकार को कुछ ऐसी योजनाओं को भी शुरू करना चाहिए जिससे इनको थोड़ी राहत मिल सके। इनकी ओर से पार्टी की यह खास अपील।

# दिल्ली में 60 साल से ज्यादा उम्र के सभी बुजुर्गों का होगा फ्री इलाज, अरविंद केजरीवाल ने किया संजीवनी स्कीम का ऐलान

नई दिल्ली । अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को बुजुर्गों नागरिकों के लिए कई बड़े ऐलान किए हैं। केजरीवाल ने कहा कि हम बुजुर्गों का मान सम्मान करते हैं। आज हम जहां पर हैं आप ही लोगों ने पहुंचाया है। बुढ़ापे में हमारा फर्ज बनता है आपका बच्चा होने के नाते हम आपका ख्याल रखें। केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता घर-घर जाकर इस योजना के लिए रजिस्ट्रेशन करेंगे। दिल्ली सरकार इलाज का पूरा खर्चा उठाएगी। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है तमाम तरीके की बीमारियां घेर लेती हैं। बुढ़ापे में मैं अच्छे-अच्छे घर के बुजुर्गों को तड़पते हुए देखा है। बच्चे उन्हें तड़पता हुआ छोड़ देते हैं लेकिन आप लोग चिंता मत कीजिएगा आपका यह बेटा जिंदा है। रामायण में जब लक्ष्मण मूर्छित हुए थे हनुमान जी उनके लिए




संजीवनी लेकर आए थे। आज हम दिल्ली के लिए संजीवनी योजना की घोषणा कर रहे हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का यह नया ऐलान बुजुर्गों के कल्याण के लिए शुरू करने का दावा किया जा रहा है।विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम दिल्ली मॉडल की सामाजिक कल्याण योजनाओं में एक और उल्लेखनीय पहल जोड़ सकता है। आम आदमी पार्टी सरकार के मुताबिक दिल्ली सरकार ने समाज के वंचित वर्गों के लिए काम किया है।

उन्होंने महिलाओं के लिए कई योजनाएं लागू की हैं, जैसे दिल्ली में मुफ्त बस यात्रा, इसके अलावा, सरकार ने बुजुर्गों को पेंशन और धार्मिक तीर्थयात्राओं के लिए सुविधाएं भी प्रदान की हैं। लंबे समय से बुजुर्गों की रुकी हुई पेंशन देने का काम किया गया। बड़ी संख्या में वृद्धावस्था पेंशन के लिए बुजुर्गों के नाम भी जोड़े गए हैं। महिलाओं के लिए लाई ये योजना लाई दिल्ली सरकार इससे पहले अरविंद केजरीवाल ने महिलाओं के लिए महिला सम्मान योजना की घोषणा की थी। इस योजना के तहत पात्र महिलाओं के खाते में हर महीने सरकार एक हजार रुपये भेजेगी। वहीं, केजरीवाल ने चुनाव के बाद महिलाओं को एक हजार की जगह 2100 रुपये देने की भी बात कही। केजरीवाल का दावा है कि दोबारा आप की सरकार बनने पर यह राशि 2100 रुपये कर दी जाएगी। अरविंद केजरीवाल के मुताबिक, हर महिला के अकाउंट हर महीने कुछ पैसे डलवाने का वादा बीते मार्च में किया था। 18 वर्ष से अधिक उम्र की हर महिला को योजना का लाभ मिलेगा। इसके लिए महिलाओं को रजिस्ट्रेशन करना होगा। जो महिलाएं रजिस्ट्रेशन करेंगी उनके अकाउंट में हर महीने पैसे आने शुरू हो जाएंगे।

## अमित शाह के खिलाफ विपक्ष का संसद भवन में प्रदर्शन



नई दिल्ली । इंडिया समूह के नेताओं ने संसद भवन परिसर में गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ बुधवार को विरोध प्रदर्शन किया और कहा कि उन्होंने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का अपमान किया है। विपक्ष के नेताओं ने आरोप लगाया कि श्री शाह ने राज्यसभा में मंगलवार को संविधान पर चर्चा का जवाब देते हुए बाबा साहब का अपमान किया और विपक्षी दल इस अपमान को स्वीकार नहीं करेंगे। विपक्षी नेताओं ने कहा कि इसके लिए श्री शाह माफी मांगे। विपक्षी दलों के इस विरोध-प्रदर्शन में राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ ही कई दलों के प्रमुख नेता मौजूद थे। प्रदर्शन कर रहे नेता बाबा साहब की तस्वीर हाथ में लेकर भीमराव अंबेडकर की जय और मोदी सरकार विरोधी नारे लगा रहे थे।

कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अपनी मानसिकता का परिचय दिया है और बाबा साहब का संसद में अपमान किया है। कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के प्रमुख राजेश लिलोथिया ने कहा, अमित शाह जी ने संसद में बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी के लिए अपमानजनक बयान दिया। इससे आरएसएस-भाजपा की मनुवादी सोच उजागर होती है। बाबा साहब के संविधान में दलितों, अल्पसंख्यकों और महिलाओं को बराबरी का हक मिला है। अमित शाह जी को देश से माफी मांगनी चाहिए।

## गरीबों के लिए सरकार बनाए योजना, ये महाकुंभ का होगा बड़ा उपहार - मायावती


लखनऊ । बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने विधानसभा सत्र में सरकार से गरीबी से राहत की योजनाएं चलाने की अपील की है। साथ ही कहा कि अगर ऐसा होता है तो ये प्रयागराज में हो रहे महाकुंभ का बड़ा उपहार होगा। बसपा मुखिया मायावती ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स के माध्यम से लिखा कि यूपी में भी गरीबी, बेरोजगारी व महंगाई आदि से त्रस्त लोगों के हितों में यहां चल रहे विधानसभा सत्र में सरकार को कुछ ऐसी योजनाओं को भी शुरू करना चाहिए जिससे इनको थोड़ी राहत मिल सके। उन्होंने आगे कहा कि ऐसा किए जाने पर फिर सरकार का यहां प्रयागराज के महाकुंभ का इनके लिए बहुत बड़ा उपहार होगा। इससे फिर इनको कुछ हद तक राहत जरूर मिलेगी। इनकी ओर से पार्टी की यह खास अपील। ज्ञात हो कि प्रयागराज



में महाकुंभ का आयोजन बड़े स्तर पर किया जाता है। इस बार महाकुंभ की शुरुआत 13 जनवरी से हो रही है। वहीं, इसका समापन 26 फरवरी को होगा। प्रयागराज में शुरू होने जा रहा महाकुंभ का विशेष महत्व है, क्योंकि प्रयागराज में गंगा, यमुना और सरस्वती का मिलन होता है। यह संगम विश्वभर में प्रसिद्ध है। हर 12 वर्ष पर विशेष रूप से चार स्थानों प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में आयोजित होता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस आयोजन में पवित्र नदियों में स्नान करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है।

## कांग्रेस के झूठ उसके द्वारा किए गए आंबेडकर के अपमान को छिपा नहीं सकते - प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के अपमान के आरोप का सामना कर रहे अमित शाह का जोरदार बचाव करते हुए कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री ने संविधान निर्माता का अपमान करने के कांग्रेस के काले इतिहास की पोल खोल दी, जिससे मुख्य विपक्षी पार्टी स्तब्ध है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके 'दूषित इकोसिस्टम' को लगता है कि उसके 'दुर्भावनापूर्ण झूठ' संविधान निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर के प्रति उसके कई वर्षों के 'कुकर्मों' को छिपा सकते हैं तो वह 'गंभीर भूल' कर रही है। मोदी ने यह भी कहा कि भारत के लोगों ने बार-बार देखा है कि किस प्रकार एक 'परिवार' के नेतृत्व में एक पार्टी, डॉ आंबेडकर की विरासत को मिटाने और अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति समुदायों को अपमानित करने के लिए हरसंभव 'गंदी चाल' चलने में लिप्त रही है। प्रधानमंत्री मोदी की यह टिप्पणी कांग्रेस के उस आरोप के मद्देनजर आई है, जिसमें कहा गया है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में 'भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा' विषय



पर दो दिन तक चली चर्चा का जवाब देते हुए मंगलवार को अपने संबोधन के दौरान बाबासाहेब का अपमान किया। मुख्य विपक्षी दल ने शाह के संबोधन का एक वीडियो अंश भी जारी किया जिसमें गृह मंत्री विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए यह कहते सुने जा सकते हैं कि , ''अभी एक फैशन हो गया है- आंबेडकर, आंबेडकरज्। इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता।''मोदी ने कहा कि संसद में अमित शाह ने डॉ. आंबेडकर का अपमान करने और एससी/एसटी समुदायों की अनदेखी करने के कांग्रेस के काले इतिहास की पोल खोल दी है। उन्होंने कहा, ''वे (कांग्रेस) स्पष्ट रूप से उनके द्वारा प्रस्तुत तथ्यों से स्तब्ध हैं और यही वजह है कि वे अब नाटकीयता में लिप्त हैं! अफसोस की बात है कि लोग उनकी सच्चाई जानते हैं!''प्रधानमंत्री ने कहा कि डॉ आंबेडकर को एक बार नहीं, बल्कि दो बार चुनावों में पराजित करना, पंडित नेहरू का उनके खिलाफ प्रचार करना और उनकी हार को प्रतिष्ठा का मुद्दा बनाना, उन्हें भारत रत्न देने से मना करना और संसद के केंद्रीय कक्ष में उनकी तस्वीर को जगह देने से इनकार कर देना कांग्रेस के 'पापों की सूची' में शामिल हैं। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस चाहे जैसी कोशिश कर ले, लेकिन वह इस बात से इनकार नहीं कर सकती कि अनुसूचित जाति ओर अनुसूचित जनजाति के खिलाफ सबसे बुरा नरसंहार उसके शासन के दौरान हुआ। वर्षों तक वे सत्ता में बैठे रहे लेकिन एससी और एसटी समुदायों को सशक्त बनाने के लिए कुछ भी ठोस नहीं किया।''मोदी ने कहा, ''हम आज जो कुछ भी हैं, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की वजह से ही हैं। हमारी सरकार ने पिछले एक दशक में डॉ बाबासाहेब आंबेडकर के विजन को पूरा करने के लिए अथक प्रयास किया है। किसी भी क्षेत्र को ले लीजिए - चाहे वह 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालना हो, एससी/एसटी अधिनियम को मजबूत करना हो। हमारी सरकार के प्रमुख कार्यक्रम जैसे स्वच्छ भारत, पीएम आवास योजना, जल जीवन मिशन, उज्ज्वला योजना और बहुत कुछज्., इनमें से प्रत्येक ने गरीबों और हाशिए पर पड़े लोगों के जीवन को छुआ है।''मोदी ने कहा कि उनके नेतृत्व वाली सरकार ने डॉ. आंबेडकर से जुड़े पांच प्रतिष्ठित स्थलों पंचतीर्थ को विकसित करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि दशकों से चैत्य भूमि के लिए भूमि एक लंबित मुद्दा था लेकिन न केवल उनके नेतृत्व वाली सरकार ने इस मुद्दे को हल किया, बल्कि वह खुद वहां प्रार्थना करने भी गए। उन्होंने कहा, ''हमने दिल्ली में 26, अलीपुर रोड भी विकसित किया है, जहां डॉ आंबेडकर ने अपने अंतिम वर्ष बिताए थे। वह लंदन में जिस घर में रहते थे, उसे भी सरकार ने अधिग्रहित कर लिया है। जब डॉ. आंबेडकर की बात आती है तो हमारा सम्मान और हमारी श्रद्धा उच्च कोटि की है।''

## 'सांठगांठ वाले समूहों' को प्राथमिकता देने से विनिर्माण क्षेत्र में सुस्ती, महंगाई बढ़ रही - राहुल



नई दिल्ली । लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की आलोचना करते हुए बुधवार को कहा कि कारोबार जगत में समान अवसर वाली स्थिति के बजाय सांठगांठ वाले व्यावसायिक समूहों को प्राथमिकता देने से विनिर्माण क्षेत्र सुस्त है और डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया कमजोर हो रहा है तथा महंगाई बेतहाशा बढ़ रही है। उन्होंने एक खबर का हवाला भी दिया जिसमें कहा गया है कि व्यापार घाटा और आयात अब तक के उच्चतम स्तर पर है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि क्या होता है जब कोई सरकार समान अवसर वाली स्थिति के बजाय व्यवसायों पर सांठगांठ वाले समूहों को प्राथमिकता देती है?उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे में विनिर्माण क्षेत्र कमजोर होता है, भारतीय मुद्रा कमजोर होती है, व्यापार घाटा रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचता है, ब्याज दरें बढ़ती हैं, खपत में गिरावट आती है और मुद्रास्फीति बढ़ती है। अक्टूबर में दोहरे अंक की वृद्धि दर्ज करने के बाद, नवंबर में भारत का निर्यात सालाना आधार पर 4.85 प्रतिशत घटकर 32.11 अरब डॉलर हो गया, जबकि सोने के आयात में रिकॉर्ड वृद्धि के कारण व्यापार घाटा बढ़कर 37.84 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, नवंबर में आयात साल-दर-साल 27 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 69.95 अरब डॉलर हो गया।

## बाबा साहब को भारत रत्न न मिले, कांग्रेस करती रही इसका प्रयास - अमित शाह

नई दिल्ली । अमित शाह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कांग्रेस पार्टी और गांधी परिवार पर सवाल उठाए। कहा कि कांग्रेस के नेताओं ने कई बार खुद को भारत रत्न दिया, लेकनि बाबा साहब अंबेडकर को भारत रत्ने न मलि, इसका पूरा प्रयास किया। जब संसद में चर्चा चल रही थी, तो यह साबित हो गया कि कांग्रेस ने किस तरह बाबा साहब अंबेडकर का विरोध किया। किस तरह कांग्रेस ने बाबा साहब की मृत्यु के बाद भी उनका मजाक उड़ाने की कोशिश की। जहां तक भारत रत्न देने की बात है, कांग्रेस के नेताओं ने कई बार खुद को भारत रत्न दिया है। नेहरू ने 1955 में खुद को भारत रत्न दिया, इंदिरा गांधी ने 1971 में खुद को भारत रत्न दिया और बाबा साहब को 1990 में तब भारत रत्न मिला, जब कांग्रेस पार्टी सत्ता में नहीं थी और भारतीय जनता पार्टी द्वारा समर्थित सरकार थी। 1990 तक कांग्रेस बाबा साहब को भारत रत्न न मिले, इसके लिए प्रयास करती रही। बाबा साहब की 100वीं जयंती को मनाने की मनाही कर दी गई। अंबेडकर के प्रति नेहरू की नफरत जगजाहिर है। कांग्रेस ने फिर एक बार अपनी पुरानी पद्धति को अपनाकर, बातों को तोड़-मरोड़कर और सत्य को असत्य के कपड़े पहनाकर समाज में भ्रांति फैलाने का एक कुत्सित प्रयास किया है। संसद में ये सिद्ध हो गया कि बाबा साहब अंबेडकर का कांग्रेस ने किस तरह विरोध किया था। बाबा साहब के न रहने के बाद भी किस प्रकार से कांग्रेस ने उन्हें हाशिये पर धकेलने का प्रयास किया।, कांग्रेस पार्टी के कार्यकाल में बाबा साहब अंबेडकर का कोई स्मारक नहीं बना। जब दूसरी पार्टियां सत्ता में आईं, तो उन्होंने स्मारक बनवा दिया। पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने बाबा साहब अंबेडकर की याद में पंचतीर्थ विकसित किया। एआई का जिक्र करते हुए कहा, मेरे बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया। पहले उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी के एडिट बयानों को सार्वजनिक किया। जब चुनाव चल रहे थे, तो मेरे बयान को एआई का इस्तेमाल करके एडिट किया गया और आज वे मेरे बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रहे हैं। मैं मीडिया से भी अनुरोध करना चाहता हूं कि वे मेरा पूरा बयान जनता के सामने रखें। मैं एक ऐसी पार्टी से हूं, जो कभी भी अंबेडकर जी का अपमान नहीं कर सकती। पहले जनसंघ और फिर भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा अंबेडकर के सिद्धांतों पर चलने की कोशिश की है। उन्होंने आगे कहा, जब भी भारतीय जनता पार्टी सत्ता में रही है, हमने अंबेडकर के सिद्धांतों का प्रचार-प्रसार किया है। भाजपा ने आरक्षण को मजबूत करने का काम किया है। मैं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से भी यह कहना चाहता हूं कि आपको कांग्रेस के इस नापाक प्रयास का समर्थन नहीं करना चाहिए था। मुझे बहुत दुख है कि आप भी राहुल गांधी के दबाव में इसमें शामिल हो गए हैं। भाजपा सभी कानूनी विकल्पों पर विचार करेगी। संसद के अंदर और बाहर जो भी कानूनी कार्रवाई की जा सकती है, सभी संभावनाओं पर विचार किया जाएगा।

## संपादकीय

# धर्म के मार्ग पर चाहिए धैर्य

परमात्मा की उपलब्धि के लिए धैर्य बहुत जरूरी है। प्रभु को पाना चाहते हैं तो प्रतीक्षा करनी पड़ेगी। हो सकता है कई जन्मों की प्रतीक्षा करनी पड़े। अगर आपने धैर्य खोया तो फिर सारा खेल खत्म। प्रभु को पाने की चाह में आपको समय की सीमा से परे हो जाना होगा। और जब आप समय की सीमा को भूल जाते हैं, परमात्मा का साक्षात्कार उसी समय हो जाता है। व्यक्ति धर्म के मार्ग पर गया है, उसने अनंत की फसल काटनी चाही है। उतना ही धैर्य भी चाहिए। धैर्य का अर्थ यह है कि तुम अपेक्षा मत करना। धैर्य का अर्थ यह है- कब होगा, यह मत पूछना। जब होगा, उसकी मर्जी। जब हो जाएगा, तब स्वीकार है। अनंत काल व्यतीत हो जाएगा तो भी तुम यह मत कहना कि मैं इतनी देर से प्रतीक्षा कर रहा हूं, अभी तक नहीं हुआ! एक बड़ी पुरानी हिंदू कहानी मुझे बहुत प्रीतिकर रही है कि नारद स्वर्ग जा रहे हैं। और उन्होंने एक बूढ़े संन्यासी से पूछा, कुछ खबर-वबर तो नहीं पूछनी है? तो उस बूढ़े संन्यासी ने कहा कि परमात्मा से मिलना हो तो जरा पूछ लेना कि कितनी देर और है, क्योंकि मैं तीन जन्मों से साधना कर रहा हूं! वह बड़ा पुराना तपस्वी था। नारद जी ने कहा, जरूर पूछ लूंगा। उसके ही पास एक दूसरे वृक्ष के नीचे एक नवयुवक बैठा हुआ अपना एकतारा बजा रहा था। गीत गा रहा था। नारद ने सिर्फ मजाक में उससे पूछा कि क्यों भाई, तुम्हें भी तो कोई बात नहीं पुछवानी है भगवान से? मैं जा रहा हूं स्वर्ग। वह अपना गीत ही गाता रहा। उसने नारद की तरफ आंख उठा कर भी न देखा। नारद ने उसको हिलाया तो उसने कहा कि नहीं, उसकी कृपा अपरंपार है। जो चाहिए, वह मुझे हमेशा मिला ही हुआ है। कुछ पूछना नहीं है। मेरी तरफ से उसे कोई तकलीफ मत देना। मेरी बात ही मत उठाना, मैं राजी हूं। और सभी मिला हुआ है। बन सके तो मेरी तरफ से धन्यवाद दे देना नारद वापस लौटे। उस बूढ़े संन्यासी को जाकर कहा कि क्षमा करना भाई! मैंने पूछा था वह। उन्होंने कहा कि वह बूढ़ा संन्यासी जिस वृक्ष के नीचे बैठा है, उसमें जितने पत्ते हैं, उतने ही जन्म अभी और लगेंगे। बूढ़ा तो बहुत नाराज हो गया। वह जो पोथी पढ़ रहा था, फेंक दी, माला तोड़ दी, गुस्से में चिल्लाया कि हद हो गयी! अन्याय है। यह कैसा न्याय? तीन जन्म से तप कर रहा हूं, कष्ट पा रहा हूं, उपवास कर रहा हूं, अभी और इतने? यह नहीं हो सकता। उस युवक के पास भी जाकर नारद ने कहा कि मैंने पूछा था, तुमने नहीं चाहा था, फिर भी मैंने पूछा था। उन्होंने कहा कि वह जिस वृक्ष के नीचे बैठा है, उसमें जितने पत्ते हैं, उतने ही जन्म अभी और लगेंगे। वह युवक तत्क्षण उठा, अपना एकतारा लेकर नाचने लगा और उसने कहा- गजब हो गया। मेरी इतनी पात्रता कहां? इतने जल्दी? जमीन पर कितने वृक्ष हैं!

उन वृक्षों में कितने पत्ते हैं! सिर्फ इस वृक्ष के पत्ते? इतने ही जन्मों में हो जाएगा? यह तो बहुत जल्दी हो गया, यह मेरी पात्रता से मुझे ज्यादा देना है। इसको मैं कैसे झेल पाऊंगा? इस अनुग्रह को मैं कैसे प्रकट कर पाऊंगा? वह नाचने लगा खुशी में। और कहानी कहती है, वह उसी तरह नाचते-नाचते समाधि को उपलब्ध हो गया। उसका शरीर टूट गया। जो अनंत जन्मों में होने को था, वह उसी क्षण हो गया। जिसकी इतनी प्रतीक्षा हो, उस क्षण हो ही जाएगा।

# आंटी की सीख

नौवीं क्लास में आने के बाद मुझे आने वाले बोर्ड एग्जाम के बारे में सोचकर बहुत डर लगता था। इसके पहले सभी क्लास में अच्छे नंबरों से पास हुई थी। अभी तक मैं साइंस की एक किताब ही पढ़ती थी, लेकिन अब तीन किताबें पढ़नी थीं। सामाजिक विज्ञान की तो चार किताबें थीं। मैं पढ़ने बैठती तो मुझे रुलाई आ जाती। मुझे गणित से चिढ़ होने लगी। मैं हर समय दुखी रहती थी। एक दिन मेरे अंकल-आंटी, जो कि मुझसे बहुत प्यार करते हैं, मेरे घर आए। उन्होंने मेरे दुखी रहने का कारण पूछा, तो मैं रोने लगी। मैंने चाची को अपनी पढ़ाई के प्रेशर के बारे में बताया। चाचा-चाची मुझे बाहर ले गए और मेरे साथ बैडमिंटन खेलने लगे। खेल में भी मेरा मन नहीं लग रहा था और मैं हार रही थी। पर अचानक देखा कि चाचा हार रहे हैं तो मेरे मन में भी जीत की उमंग बढ़ गई। शायद चाचा जानबूझ कर मुझसे हार रहे थे। मैं उनको हारते देख हंसने लगी। इसके बाद चाची ने मुझे समझाया कि कभी भी पढ़ाई को बोझ मत समझो, जैसे तुमने खुश होकर खेलने पर चाचा को हरा दिया, वैसे ही पढ़ाई भी खुशी से करो। पढ़ाई या परीक्षा का डर परेशान करता है, तो इसे अपने ऊपर हावी न होने दो। सबके पास दिमाग एक जैसा ही होता है। मेहनत करो, मन लगाकर पढ़ो। फिर क्या था, इतना सुनने के बाद मेरे अंदर उत्साह का संचार होने लगा। मैं नियमित समय से पढ़ने, सोने और जागने लगी। मैं हमेशा कुछ नया सीखने की चाह लेकर पढ़ने बैठती थी। इसकी वजह से सभी परीक्षाओं में मेरे अच्छे नंबर आने लगे। मेरे अंदर परिवर्तन पाकर सब खुश थे और मैं अपनी आंटी का शुक्रिया कर रही थी, जिनकी वजह से मैंने अपने डर पर जीत पा ली थी।

# 19 दिसंबर 2024 का पंचांग

सूर्योदय- 07.07 प्रात-
सूर्यास्त- 05.41 सायं
सूर्य राशि- धनु
चंद्र उदय- 09.43 रात्रि
चंद्र अस्त- 11.02 प्रात-
चंद्रमा-दोपहर 02 बजे उपरांत सिंह राशि में।






आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना मार्गशीर्ष-18 पूर्णिमांत महीना पौष-04 पक्ष- कृष्ण पक्ष-04 तिथि- चतुर्थी प्रात- 10.03 तक बाद में पंचमी,नक्षत्र-पुष्य रात्रि- 12.58 तक बाद में आश्लेषा, योग-वैधृती सायं- 06.33 तक बाद में विषकुम्भ,
करण-बालव प्रात- 10.03 तक बाद में कौलव रात्रि- 10.20 तक बाद में तैतिल, राहु काल प्रात- 1.30 से 03.00 बजे तक, कुलीक काल दोपहर- 09.00 से 10.30 बजे तक यमगंड प्रात- 06.00 से 07.30 बजे तक, अभिजीत मुहूर्त दोपहर- 12.02 से 12.45 तक
दुमुहूर्त प्रात- 10.38 से 11.20 तक व 02.51 से 03.34 तक
अमृत काल प्रात- 12.19 से 01.59 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.30 से 06.19 तक।

## आज 19 दिसंबर का दैनिक राशिफल।

मेष- घर में बाहरी लोग विवाद करेंगे उससे निपटेगे,अध्यापन,अकाउंट या भाषा सिखाते है तो कार्य चलेगा, भाई का ध्यान रखें।
भाग्य प्रतिशत-62

वृषभ-कोर्ट मेरेज के लिए आवेदन कर सकते है,प्रिंटिंग मशीन द्वारा व्यवसाय शुरू होगा, घर में अचानक बुजुर्ग का हेल्थ चेकअप कराना पड़ सकता है।
भाग्य प्रतिशत-62

मिथुन- जिसके साथ व्यवसाय करने जा रहे है वह आगे धोखा देगा, कुछ टेस्ट या दवा खरीदनी पड़ सकती है, घर की महिला की सुनकर चले।
भाग्य प्रतिशत-50

कर्क-अपने व्यवसाय को जमाना चाहेंगे, कुछ अटकलें रहेगी, जॉब के लिए अभी से प्रयास शुरू कर दे किसी के भरोसे ना रहे,धन में कमी रहेगी।
भाग्य प्रतिशत-50

सिंह- ठेकेदारी या सरकार से जुड़ा कार्य करते है तो उन्नती होगी,विद्या द्वारा मार्ग खुलेगा, कुछ लोग आपके लिए साठगांठ कर रहे है सम्भले।
भाग्य प्रतिशत-60

कन्या- अपने काम की रणनीति बनाएंगे, जो कुछ सीखा है उसे ही करने की इच्छा है, पत्नी यदि बीमार है तो ध्यान दे।
भाग्य प्रतिशत-64

तुला- नया रिश्ता जुड़ने से प्रसन्न है, अच्छे से संबंधों को डील करेंगे, लिखित ऑर्डर मिला है तो उसकी अनदेखी ना करें, इलेक्ट्रिकल इंजिनियर को जॉब में मुश्किल रहेगी।
भाग्य प्रतिशत-53

वृश्चिक- बिगड़े कार्य बनने लगेंगे, एकदम से कोई कार्य मिल सकता है तैयार रहें, मीठा थोड़ा कम खाए, मनोरंजन के क्षेत्र से भी लाभ होगा।
भाग्य प्रतिशत-77

धनु- सरकारी परीक्षा में उत्तीर्ण होने का योग है, कुछ लोगों को ज्वाइनिंग भी मिलेगी, संतान कष्ट के साथ पैदा होगी, लीवर का रोग है तो मुश्किल आ सकती है।
भाग्य प्रतिशत-52

मकर- स्त्री पक्ष से फ़ायदा होगा, माँ का दखल जीवन में अधिक रहेगा, प्रॉपर्टी के मामले में लापरवाही ना बरतें, सच्चाई से लाभ होगा अपनी बात पर अड़े रहे।
भाग्य प्रतिशत-78

कुम्भ- नौकरी में ट्रांसफर होने का समय आ गया है, कोई जाँच होने से परेशान रहेंगे, खेती की जमीन से लाभ होगा, ट्यूशन सेंटर पर बचें बढ़ेंगे।
भाग्य प्रतिशत-65

मीन- अपनी बात प्रमुखता से रखेंगे, मेडिकल फील्ड से जुड़े है तो काम चलेगा, संतान को कोई परेशानी होगी तो विशेष ध्यान रखेंगे।
भाग्य प्रतिशत-79

# यामी गौतम ने पति, बेटा व संजय दत्त के साथ स्वर्ण मंदिर में माथा टेका

मुंबई । निर्देशक आदित्य धर की आने वाली फिल्म में अभिनेता संजय दत्त मुख्य भूमिका निभाएंगे। इसी बीच आदित्य धर और उनकी पत्नी यामी गौतम अपने बेटे वेदविद के साथ अमृतसर की स्वर्ण मंदिर पहुंचे। उनके साथ अभिनेता संजय दत्त भी थे। स्वर्ण मंदिर परिसर में इन तीनों को एक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। स्वर्ण मंदिर में माथा टेकने पहुंची यामी गौतम के सिर पर सफेद दुपट्टा था और आदित्य ने शॉल ओढ़ा हुआ है। उनके साथ संजय दत्त भी कूल लुक में नजर आ रहे हैं। इन तीनों का फोटो अब वायरल हो रहा है। स्वर्ण मंदिर में जाने से पहले संजय



दत्त ने पंजाब के मंत्री कुलदीप धालीवाल से भी मुलाकात की थी। अभी कुछ दिन पहले आदित्य धर ने रणवीर सिंह के साथ मंदिर में दर्शन किये थे।
रणवीर ने भी अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की थीं। दरअसल, अभिनेता रणवीर सिंह और संजय दत्त निर्देशक आदित्य धर की एक फिल्म में साथ काम कर रहे हैं। इसमें आर. माधवन, अक्षय खन्ना और अर्जुन रामपाल भी दिखेंगे। यह फिल्म भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ के इतिहास की किताबों की कुछ आश्चर्यजनक घटनाओं पर आधारित है।

# पुष्पा-2 के प्रीमियर शो के दौरान भगदड़ में घायल लड़के की हालत गंभीर




मुंबई । हैदराबाद के संध्या थिएटर में 4 दिसंबर को अल्लू अर्जुन की पुष्पा-2 के प्रीमियर के दौरान हुई भगदड़ में घायल 8 वर्षीय बच्चे तेज की हालत गंभीर है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां वह जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। अल्लू अर्जुन और तेज की अभी तक मुलाकात नहीं हुई है। इस भगदड़ में उसकी 35 साल की मां रेवती की मौत हो गई थी। फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज हुए दो हफ्ते हो गए हैं, लेकिन इस हादसे से जुड़ी खबरें लगातार सुर्खियों में हैं। पुलिस कमिश्नर आनंद ने कहा कि लड़के के दिमाग में गंभीर चोट आई है। ऑक्सीजन की कमी के कारण उनका मस्तिष्क क्षतिग्रस्त हो गया है। डॉक्टरों का कहना है कि बच्चे का बुखार कम हो रहा है। सुधार होने में अभी समय लगेगा। आठ वर्षीय तेज वेंटिलेटर सपोर्ट पर है। बच्चे की न्यूरोलॉजिकल स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। बच्चे को वेंटिलेटर से हटाने के लिए ट्रेकियोस्टोमी पर विचार किया जा रहा है। प्रीमियर शो के दौरान भगदड़के समय पुष्पा-2 के मुख्य कलाकार अल्लू अर्जुन भी मौजूद थे। एक्टर की एक झलक पाने के लिए संध्या थिएटर के पास भारी भीड़ जमा हो गई, जिसके बाद भगदड़ मच गई। इस मामले में अल्लू अर्जुन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और उन्हें पिछले शुक्रवार को गिरफ्तार भी किया गया था।
हालांकि, उसी दिन कोर्ट से जमानत मिलने के बाद उन्हें शनिवार को रिहा कर दिया गया।

# आर अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा




ब्रिस्बेन । भारत के दिग्गज स्पिन गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार को क्रिकेट के तीनों प्रारूपों से संन्यास ले लिया। आज यहां अश्विन ने गाबा टेस्ट के बाद संवाददाता सम्मेलन में अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। इस दौरान कप्तान रोहित शर्मा भी उनके साथ थे। संन्यास से पहले अश्विन ड्रेसिंग रूम में विराट कोहली के साथ बैठे नजर आए थे। इस दौरान कोहली ने उन्हें गले भी लगाया था। अश्विन एडिलेड डे नाइट टेस्ट में टीम इंडिया का हिस्सा रहे थे। अश्विन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर के तौर पर सभी प्रारूपों में ये मेरा आखिरी मैच था। मेरे अंदर अभी भी क्रिकेट शेष है, लेकिन वो अब मैं क्लब स्तर क्रिकेट में दिखाना चाहूंगा। मैंने क्रिकेट का भरपूर आनंद लिया। रोहित और बाकी खिलाड़ियों के साथ काफी यादे है। मैं बीसीसीआई और साथी खिलाड़ियों का धन्यवाद करना चाहूंगा। कुछ लोगों के नाम भी लेना चाहूंगा। सभी कोच जो इस यात्रा का हिस्सा रहे। रोहित, विराट, रहाणे, जिन्होंने कई सारे कैच पकड़े और मुझे मेरे विकेटों को लेने में मदद की। ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट टीम को भी धन्यवाद, मैंने उनके खिलाफ खेलना हमेशा एंजॉय किया। अश्विन ने क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में 287 मैच खेले और 765 विकेट लिए। अश्विन भारत के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उनसे आगे सिर्फ अनिल कुंबले हैं, जिन्होंने 953 विकेट लिए हैं। आर अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में 106 मैचों में 537 विकेट लिए है। उन्होंने 37 बार पांच विकेट और आठ बार उन्होंने मैच में 10 विकेट लिए। अश्विन ने 116 एकदिवसीय मैचों में 156 विकेट लिये। वहीं 65 टी-20 मैचों में 72 विकेट चटकाए। अश्विन ने बतौर बल्लेबाज टेस्ट क्रिकेट में 3503 रन बनाए और उन्होंने कुल छह टेस्ट शतक लगाए। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनके नाम कुल आठ शतक रहे। एकदिवसीय क्रिकेट में 707 रन और टी-20 में उनके नाम 184 रन हैं।

# शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

नई दिल्ली । घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत मामूली गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद लिवाली के सपोर्ट से शेयर बाजार की चाल में कुछ देर के लिए तेजी आई, लेकिन इसके बाद बिकवाली का दबाव बनने पर बाजार ने दोबारा लाल निशान में गोता लगा दिया। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.43 प्रतिशत और निफ्टी 0.39 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से डॉक्टर रेड्डीज लेबोरेट्रीज, सन फार्मास्युटिकल्स, सिप्ला, रिलायंस इंडस्ट्रीज और विप्रो के शेयर 2.07 प्रतिशत से लेकर 0.86 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, लार्सन एंड टूब्रो, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और अडाणी पोर्ट्स के शेयर 2.21 प्रतिशत से लेकर 0.60 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,320 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,071 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,249 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 10 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 20 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल



निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 18 शेयर हरे निशान में और 32 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 18.19 अंक की मामूली गिरावट के साथ 80,666.26 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान की स्थिति बन गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में भी उतार-चढ़ाव होता रहा।
खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 80,868.02 अंक तक पहुंचा वहीं बिकवाली का दबाव बनने पर इसने 80,313.02 अंक तक गोता भी लगा दिया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10=15 बजे सेंसेक्स 473.88 अंक की गिरावट के साथ 80,363.57 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 38.05 अंक टूट कर 24,297.95 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल भी लगातार ऊपर नीचे होती रही। खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 24,394.45 अंक तक पहुंचा, वहीं बिकवाली का दबाव बनने पर ये 24,229.85 अंक तक लुढ़क भी गया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10.15 बजे निफ्टी 94.15 अंक की कमजोरी के साथ 24,241.85 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन मंगलवार को सेंसेक्स 1,064.12 अंक यानी 1.30 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 80,684.45 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 332.25 अंक यानी 1.35 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,336 अंक के स्तर पर मंगलवार के कारोबार का अंत किया था।

# बारिश के कारण भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट मैच हुआ ड्रा



ब्रिसबेन । भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गये तीसरे टेस्ट मैच को पांचवें दिन बुधवार को भारत की दूसरी पारी में शुरु हुई बारिश के कारण ड्रा घोषित कर दिया गया। ट्रैविस हेड को उनके शानदार खेल के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवजा गया। पांच मैचों की श्रृंखला में दोनों टीमें एक-एक मैच जीत कर बराबरी पर है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी के आधार पर मिली 185 रनों की बढ़त के बाद दूसरी पारी सात विकेट पर 89 रन पर घोषित कर भारत को जीत के लिए 275 रनों का लक्ष्य दिया था। ऑस्ट्रेलिया के 275 रनों के लक्ष्य के जवाब में दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 2.1 ओवर में बिना कोई विकेट खोए आठ रन बनाये थे कि तेज बारिश शुरु हो गई। चायकाल के समाप्त होने बावजूद हो रही हल्की बारिश के कारण अम्पायरों ने मैच को ड्रा घोषित कर दिया। यशस्वी जायसवाल (नाबाद चार) और के एल राहुल (नाबाद चार) रन क्रीज पर थे। भारत ने सुबह के सत्र में आज नौ विकेट पर 252 रनों से आगे खेलना शुरु किया। अभी टीम के स्कोर में आठ रन और जुड़े थे कि ट्रैविस हेड ने आकाश दीप को विकेटकीपर कैरी के हाथों कैच आउट कराकर 260 के स्कोर पर भारतीय पारी का अंत कर दिया। आकाश दीप ने 44 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए 31 रनों की पारी खेली। वहीं जसप्रीत बुमराह 10 रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी के स्कोर के आधार पर 185 रनों की बढ़त मिली।
इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम तेजी से रन बनाने के प्रयास में लगातार अपने विकेट खोती रही। उस्मान ख्वाजा (आठ), मार्नस लाबुशेन (एक) को बुमराह ने अपना शिकार बनाया। नेथन मैकस्वीनी (चार), मिचेल मार्श (दो) को आकाश दीप ने आउट किया। ट्रैविस हेड (17) और स्टीव स्मिथ (चार) को मोहम्मद सिराज ने आउट किया। 18वें ओवर में बुमराह ने ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस (22) को आउट कर भारत को सातवीं सफलता दिलाई। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने 89 रन पर अपनी दूसरी पारी घोषित कर दी। भारत की ओर जसप्रीत बुमराह ने तीन, आकाश दीप और मोहम्मद सिराज ने दो-दो विकेट लिये। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 445 रन बनाये थे।

# अनुपम खेर ने बताया, क्या है जिंदगी का सबसे बड़ा 'सबक'



मुंबई । फिल्म इंडस्ट्री के मंझे अभिनेता अपने प्रशंसकों के साथ सोशल मीडिया पर अक्सर बेहतरीन पोस्ट साझा करते रहते हैं। खेर ने एक पोस्ट के माध्यम से बताया कि जिंदगी का सबसे बड़ा सबक क्या होता है और जिंदगी को आसान कैसे बनाया जा सकता है। सोशल मीडिया पर अक्सर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने वाले अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा कर कैप्शन में लिखा, सत्य। वहीं, वीडियो में अनुपम खेर की एक तस्वीर के साथ टेक्स्ट में लिखा नजर आया, मेरे जीवन का सबसे बड़ा सबक यह है कि हममें दूसरों की गलतियों को माफ करने के गुण होने चाहिए। हम अपनी जिंदगी में इसी से ठीक हो सकते हैं। फिल्म इंडस्ट्री के मुखर अभिनेता अनुपम खेर फिल्म की शूटिंग, परिवार के कार्यक्रम से संबंधित पोस्ट के साथ ही वैचारिक पोस्ट भी साझा करते रहते हैं। अभिनेता ने हाल ही में सकारात्मकता से संबंधित एक पोस्ट में बताया था, जिंदगी में कभी हार नहीं माननी चाहिए। उन्होंने कैप्शन में लिखा था, आशा एक जागता सपना है! कभी हार मत मानो

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

# सभासद पुत्र से मारपीट, मारी गोली, वीडियो वायरल



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। खुर्जा कोतवाली क्षेत्र में बाइक टकराने के विवाद में दबंगों ने नगर पालिका परिषद के सभासद के पुत्र जैद से पहले मारपीट की और फिर फायरिंग की जिसमें सभासद पुत्र लहूलुहान हो गया। घायल को हायर मैडिकल सेंटर रैफर किया गया है। खुर्जा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने घटना स्थल का निरीक्षण किया है। पुलिस आरोपियों को तलाश में जुटी हुई है। खुर्जा कोतवाली नगर क्षेत्र के मोहल्ला कोट निवासी सभासद पुत्र जैद पर बीती रात बाइक सवार 4 युवकों ने उस समय जानलेवा हमला कर दिया जब वह किसी समारोह में शिरकत करने जा रहा था। जैद की माने तो बाइक टकराने को लेकर हुए विवाद के बाद दबंग एक राय होकर आए और उस पर हमला कर दिया , शस्त्रधारी हमलावरों ने जन बचाकर भागे युवक पर फायरिंग भी की। छर्रे लगने से युवक घायल हो गए। पीड़ित परिवार का कहना है कि मामले को लेकर पुलिस को तहरीर और सीसीटीवी0 फुटेज दे दी गई है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजपाल तोमर ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस शीघ्र हमलावरों को गिरफ्तार कर जेल भेजेगी।

# हादसे में मासूम की मौत मामले में रिपोर्ट दर्ज

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। चोला थाने के गांव रसूलपुर रिठौरी में एक पांच वर्षीय चिराग की 15 दिसंबर को फार्म हाउस के बाहर तेज गति से आई कार ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल चिराग को बुलंदशहर के निजी अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया था। प्राप्त विवरणनुसार चोला थाने के गांव रसूलपुर रिठौरी निवासी सुमित कुमार ने दर्ज कराए मुकदमे में बताया कि उसका पांच वर्षीय भतीजा चिराग पुत्र अमित कुमार 15 दिसंबर को जगतपुर उर्फ सुल्तानपुर स्थित फार्म हाउस में एक कार्यक्रम में शामिल होने को आया हुआ था। फार्म हाउस के बाहर खड़े हुए पर बुलंदशहर की तरफ से तेज गति से आती हुई कार ने जबरदस्त टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बुलंदशहर निजी अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी लौकेश प्रताप सिंह ने बताया कि कार नंबर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पहासू ब्लॉक ने ऑल ओवर चैंपियनशिप जीत कर पहासू ब्लॉक का नाम रोशन किया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलन्दशहर। बुलंदशहर जनपद के विजेता छात्र-छात्राओं के लिए शुभकामनाएं पहासू ब्लॉक ने ऑल ओवर चैंपियनशिप जीत कर पहासू ब्लॉक का नाम रोशन किया। बुलंदशहर मंगलवार को बेसिक शिक्षा परिषद की वार्षिक क्रीडा प्रतियोगिता यमुनापुरम के मैदान में प्रारंभ की गई ।खेलों के अंतिम दिन सभी ब्लॉकों ने अपना-अपना शत प्रतिशत दिया। जिसमें खो-खो ,कबड्डी, ऊंची कूद ,लंबी कुद , दौड़ इत्यादि खेल कराये गये खेल का मुख्य आकर्षण 16 ब्लॉकों में ऑल ओवर चैंपियनशिप विजेता पहासू बना जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अतुल तेवतिया चेयरमैन दीप्ति मित्तल व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ लक्ष्मीकांत पांडेय द्वारा पहासू ब्लॉक को ऑल ओवर चेयरमैनशिप प्रदान की गई। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी अमित कुमार गुप्ता ने अवगत कराया की इस चैंपियनशिप प्राप्त करने का श्रेय हमारे बच्चे और अध्यापक गण हैं तथा मुख्य रूप से चिंतन चौधरी जिला व्यायाम शिक्षिका और ब्लॉक व्यायाम शिक्षक बबलू सिंह द्वारा जो प्रयास किए गए वह बहुत ही सराहनीय हैं। तथा आपके द्वारा सभी विजेता छात्र-छात्राओं के लिए शुभकामना प्रेषित की गई। इस ऑल ओवर चैंपियनशिप से पूरे ही ब्लॉक में खुशी का माहौल है तथा सभी शिक्षक गण विजेता छात्रों एवं अध्यापकों को शुभकामना प्रेषित कर रहे हैं।

# 52वीं राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी अयोध्या में मुस्लिम इंटर कालेज के छात्र ने दी मनमोहक प्रस्तुति






उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। 52 वी राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2024 का राज्य स्तर का आयोजन अयोध्या में चल रहा है। जिसमें नगर क्षेत्र के मुस्लिम इंटर कालेज के कक्षा 9 (जूनियर वर्ग)के छात्र समद ने बहुत सुंदर प्रस्तुति दी है। जिसमें सभी प्रतियोगिता के सभी निर्णायक जजों ने छात्र की बहुत सराहना की जिसमें विद्यालय के अध्यापक शारिक़ नबी ने समद के गाइड अध्यापक के रूप में अपना सराहनीय सहयोग दिया है। उनकी राज्य स्तरीय प्रदर्शन पर नगर मुस्लिम इंटर कालेज के प्रधानाचार्य मौहम्मद खालिद, विद्यालय के प्रबंधक रशीद अली तथा अध्यक्ष अफाक उर रहीम खान तथा विद्यालय के सभी शिक्षकों ने बच्चे के उज्ज्वल भविष्य की रब से कामना की है। जिससे निरंतर वह देश की गरिमा को अपने होनहार हुनर से उन्नति के पथ पर अग्रसर होने के कार्य करता रहे।

# ठंड बढ़ते ही चोरियों की बढ़ी वारदात



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलन्दशहर। शिकारपुर क्षेत्र में ठंड का कहर जारी है ऐसे में चोरी की वारदाते बढ़ गई है। नगर में पिछले दिनों कोतवाली क्षेत्र में रात को एक मकान का ताला तोड़कर चोर यहां से हजारों रुपए का माल बटोर ले गए किंतु चोर पकड़ से दूर हैं। नगर में बीती रात्रि मौहल्ला शिवलोक कॉलोनी चौक टू में चोरों द्वारा दो मकान के ताले तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। सबसे बड़ी बात यह रही कि दोनों मकान मालिक घटना के समय घर पर नहीं थे पीड़ितों ने पुलिस को 112 पर फोन कर घटना की सूचना दी गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मौहल्ला शिवलोक कॉलोनी चौक टू में बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने एक ही रात में दो.मकान के ताले तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है प्रथम पीड़ित सुधीर कुमार पुत्र कृष्ण पाल ने बताया कि में अपने ही पुराने घर पर सो रहा था व मेरा भाई मेरी भाभी का ऑपरेशन कराने के लिए दिल्ली गए हुए थे। दोनों मकानों पर कोई नहीं था बाहर से ताला लगा हुआ था। रात को अज्ञात चोरों ने मेरे व मेरे भाई के घर पर चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। जिसमें मेरे व भाई के घर से सोने के जेवरात सहित लाखों की नगदी लेकर चोर फरार हो गए। वहीं दूसरी ओर रविंद्र पुत्र वीरेंद्र सिंह का मकान भी इसी गली में स्थित है वह अपनी ससुराल अपने परिवार के साथ गए हुए थे। उन्हें तो सुबह इस बात की जानकारी पड़ोसियों ने फोन पर दी ।जब उन्होंने घर पर आकर देखा तो उनके घर से सोने की अंगूठी कानों के कुंडल मंगलसूत्र व घर पर रखी 20,000 रूपए की नगदी सहित लाखों का सामान चुरा कर ले गए। पीड़ितों ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। बता दें कि 6 दिसंबर 2024 को नगर के मौहल्ला चैनपुरा में रात्रि में अज्ञात चोरों ने विधवा दलित महिला प्रीति के घर से बंद मकान का ताला तोड़कर हजारों की नगदी सहित लाखों के कीमती जेवरात चुराकर फरार हो गए। इस संबंध में जब सीओ शिकारपुर शिव ठाकुर से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया की चोरी की घटना की जानकारी आज सुबह मिली है ।जिसमें हमने मौके पर जाकर पीड़ित परिवार से पूछताछ की है पुलिस अभी छानबीन कर जांच में जुट गई है जल्द से जल्द चोरी की घटना का खुलासा किया जाएगा।

# शादी से इनकार पर पिता ने काजल की गोली मारकर की थी हत्या

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। जहांगीराबाद कोतवाली क्षेत्र में काजल पंवार की हत्या उसके पिता नवीन सिंह ने की। पिता ने शादी से इनकार करने पर बेटी को गोली मारी और शव को खेत में जलाने की कोशिश की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार। प्राप्त विवरणनुसार जहांगीराबाद कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने काजल हत्याकांड का सनसनीखेज खुलासा किया है। पिता नवीन सिंह ने ही शादी से इनकार करने पर बेटी काजल की गोली मारकर हत्या




कर दी थी। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर तमंचा बरामद किया है। सोमवार देर रात क्षेत्र के गांव शेखूपुर रोरा निवासी काजल पंवार पुत्री नवीन सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत हो गई थी। परिजनों ने शव को रात में ही खेत में ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया था। बुधवार को जहांगीराबाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक महेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि पूछताछ में आरोपी पिता ने अपनी बेटी की हत्या करने का जुर्म कबूल किया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसकी पुत्री काजल पंवार का रिश्ता सिकंदराबाद क्षेत्र में कर दिया गया था जिसके लिए वह तैयार नहीं हो रही थी और रिश्ता टूट गया था। लोक लाज के डर से उन्होंने वहां अपनी छोटी पुत्री की शादी तय कर दी थी। बताया कि सोते समय काजल की तमंचे से गोली मारकर हत्या कर दी और परिजनों के साथ मिलकर उसके शव को खेत में ले जाकर जला दिया। मंगलवार तक आरोपी और उसके सभी परिजन गोली मारकर आत्महत्या करने की बात कहते हुए पुलिस को गुमराह करते रहे। 11 मील चौकी प्रभारी की ओर से आरोपी पिता नवीन सिंह के खिलाफ ऑनर किलिंग का मुकदमा दर्ज किया गया है। हालांकि पुलिस ने शव को जलाने में शामिल रहे परिजनों का नाम एफआईआर0में शामिल नहीं किया है और जांच में नाम शामिल करने की बात कही है।

# डॉ प्रवीण तोगड़िया का शिकारपुर जहांगीराबाद चुंगी पर किया गया भव्य स्वागत

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलन्दशहर। शिकारपुरनगर के जहांगीराबाद चुंगी चौराहे पर बुधवार देर शाम को नीरज चौधरी नगर अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के द्वारा डॉ.प्रवीण तोगड़िया अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष का पुष्प बरसाते हुए माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने बताया की 14 जनवरी से 26 फरवरी तक चलने वाले तीर्थ प्रयागराज में महाकुंभ मेले में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर महाकुंभ का स्वागत करें लंबे भ्रमण पर निकले डॉ.प्रवीण तोगड़िया का ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत हुआ।स्वागत समारोह के दौरान कोतवाली प्रभारी प्रखर पांडे भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे इस अवसर पर शिवम शिकारपुरिया विभाग गौरक्षा प्रमुख राष्ट्रीय बजरंग दल,अंकित राजपूत, सोनू राजपूत, मनीष शर्मा, करन सैनी, नितिन कुमार, शिवम राजपूत, विशाल, हिमांशु, गोविंद राजपूत, रचित राजपूत, सर्वन राजपूत, नितिन कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा कर प्लाटिंग करने का लगाया आरोप, एसडीएम से की शिकायत



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलन्दशहर। बुलंदशहर अहमदगढ़ कस्बा में भूमाफियाओं के हौसले बुलंद ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा कर प्लाटिंग काटने का लगा है आरोप ग्रामीण प्रेमपाल सोनू चौधरी सतीश कुमार ने एसडीएम को दिया शिकायती प्रार्थना पत्र इन्होंने बताया है कि ग्राम सभा के गाटा संख्या 1251/1252 पर अवैध कब्जा कर ग्राम समाज की भूमि पर प्लाटिंग कराई जा रही है जिसमें अवैध कब्जा करने वालों में अहमदगढ़ की कुछ नामचीन लोग भी शामिल हैं ग्राम प्रधान पर भी साठ गांठ कर ग्राम समाज की बंजर भूमि पर अवैध कब्जा कराने का आरोप लगाया गया है। इस भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ शिकायत करने पर दबंगों ने दी जान से मारने की धमकी व गंदी गंदी गालियां ।उधर इस संबंध में एसडीएम शिकारपुर दीपक कुमार पाल से वार्ता की गई है तो उन्होंने बताया है कि प्रार्थना पत्र के आधार पर उक्त भूमि की जांच कराई जा रही है यदि अवैध कब्जा पाया जाता है तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# व्यापारी सुरक्षा फॉर्म ने नववर्ष 2025 को लेकर की बैठक



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। में नव वर्ष महोत्सव 1 जनवरी 2025 को श्री गुलजार अहमद के होटल ग्रीन इंडिया डीएम रोड पर शाम को 7.00 बजे से धूमधाम से मनाया जाएगा कल शाम व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान मेरठ मंडल के सह प्रभारी श्री संजीव मोहन अग्रवाल के निवास स्थान पर हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया ।कार्यक्रम सह परिवार होगा टिकट का शुल्क पूर्व की भांति ही रखा गया है कार्यक्रम मैं खेलकूद मनोरंजन एवं स्वादिष्ट व्यंजन होंगे कार्यक्रम में व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान बुलंदशहर जिले के नगर एवं कस्बा के जो पदाधिकारी सम्मिलित होना चाहे 23 दिसंबर 24 तक अपने टिकट रिजर्व कर लें ।अनिल देशभक्त ,रविंद्र गोयल, संजीव अग्रवाल, मुकेश गोयल, अनुज अग्रवाल, सर्वेश गुप्ता, नीतीश अग्रवाल, गौरव जिंदल, मनोज सिंह गिरिश कंसल अंकुर अग्रवाल गुलजार आदि

# एनडीआरएफ महिला विंग ने दी आपात स्थिति से सुरक्षा की ट्रेनिंग



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलन्दशहर। बुलंदशहर डिबाई के पला कसेर में पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कालेज में एनडीआरएफ गाजियाबाद की महिला विंग ने छात्राओं को आपदा के समय किस प्रकार से राहत कार्य करेंगे बड़े ही विस्तृत रूप से मॉक ड्रिल के माध्यम से समझाया। एस आई रविता मावी ने बताया कि भूकम्प के समय ,आग लगने पर बाढ़ आने पर ,पानी में डूबने पर प्राथमिक चिकित्सा किस प्रकार देंगे बताया। टीम में दीपा यादव,सुप्रिया,मंजू,रेशमा रहीं प्रधानाचार्य अखलेश कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा टीम द्वारा दी गयी किट का सदुपयोग हेतु आश्वस्त किया ।स्टाफ में डा संगीता शर्मा, दलवीर सिंह,दिनेश चंद,लक्ष्मीकांत,सिंह वीर प्रताप सिंह हरेन्द्र सिंह का सहयोग रहा है।

# भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने बुलंदशहर नगर में रिंग रोड की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित कर बुलंदशहर सदर एसडीएम प्रतीक्षा पांडे को ज्ञापन सौपा








उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलन्दशहर। में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष पंकज अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापारियों ने माननीय मुख्यमंत्री को संबोधित कर बुलंदशहर सदर एसडीएम प्रतीक्षा पांडे को ज्ञापन सौंपा और जिला अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने मुख्यमंत्री से अपील की कि बुलंदशहर नगर जाम से जूझ रहा है क्योंकि बुलंदशहर नगर में काफी संख्या में आबादी के साथ-साथ दो पहिया और चार पहिया वाहन भी काफी मात्रा में बढ़ चुके हैं सड़के कम चौड़ी हैं पुराना शहर होने के कारण सड़कों का चौड़ीकरण आसानी से होना संभव नहीं है क्योंकि पुराने बाजार हैं जिनसे व्यापारियों का व्यापार जुड़ा हुआ है व्यापारियों व जनता को शहर से हाइवे तक पहुंचने में जगह-जगह जाम होने के कारण लगभग 45 मिनट लग जाते हैं नई सड़कों का निर्माण न होने के कारण आए दिन जाम की स्थिति बहुत भयानक बनी रहती है शहर के बाजारों में से एंबुलेंस एवं स्कूल के वाहनों का निकालना भी बहुत मुश्किल हो रहा है शहर की स्थिति को देखते हुए शहर में रिंग रोड की अति आवश्यकता है हमें आशा है की रिंग रोड बनने से शहर में जाम की स्थिति में काफी सुधार आएगा ज्ञापन देने में युगल गोस्वामी, रमन शर्मा, मुकेश लोर, माजिद गाजी, रईस अब्बासी, चौधरी सुंदर, सिंह अमित चौधरी, आकाश अग्रवाल, अंश अग्रवाल, तुषार अग्रवाल, सतवीर सिंह, साजिद गाजी, गुफरान गाजी, राजकुमार सैनी, प्रवेश शर्मा, सिंटू कुमार,भूपेंद्र चौधरी, डा.जिशान, अरुण गिरी आदि मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में सेप्टिक टैंक में गिरने से दो बच्चों की मौत



सोनभद्र । सोनभद्र के विंढमगंज थाना क्षेत्र के केवल गांव में सेप्टिक टैंक में गिरने से दो बच्चों की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी ने बताया कि अंकित (पांच) और सौरभ (छह) मंगलवार शाम खेलते-खेलते टूटे ढक्कन वाले सेप्टिक टैंक के पास चले गए और उसमें गिर गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना का पता चलने पर परिवार के सदस्य बच्चों को बचाने के लिए दौड़ पड़े और उन्हें दुद्धी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां चिकित्सक ने बच्चों को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है

# संचालित गणित सप्ताह के अंतर्गत श्रीनिवास रामानुजन स्केच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलन्दशहर। छत्रपति शिवाजी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज हजरतपुर बुलंदशहर में संचालित गणित सप्ताह के अंतर्गत श्रीनिवास रामानुजन स्केच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें भैया तथा बहनों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया जिसमें प्रथम स्थान पर भैया विवेक( कक्षा - 9क्क),द्वितीय स्थान पर भैया विनय ( कक्षा -9) तथा तृतीय स्थान पर बहन रिया (कक्षा-9) रही 7 निर्णायक के रूप में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री रमेश सिंह जी शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य श्री अशोक जी रहे

# खुर्जा की समस्याओं को लेकर विधायक मीनाक्षी सिंह ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। खुर्जा विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती मीनाक्षी सिंह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके लखनऊ स्थित आवास पर भेंट की और विधानसभा के कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों को पूर्ण कराने के लिए मुख्यमंत्री से निवेदन किया जिसमें सर्वोच्च प्राथमिकता पर खुरजा-शिकारपुर मार्ग के शीघ्र निर्माण के लिए विधायक मीनाक्षी सिंह द्वारा मुख्यमंत्री से आग्रह किया गया क्योंकि इस मार्ग के निर्माण के लिए क्षेत्रीय जनता द्वारा पिछले 10 वर्षों से मॉंग की जा रही है और इस जर्जर मार्ग की वजह से खुरजा विधानसभा के 35 गॉंव और आस पास की लगभग दस लाख से ज़्यादा जनसंख्या प्रभावित हो रही है ।जब से मीनाक्षी सिंह विधायक बनी हैं तभी से वह इस जर्जर मार्ग के निर्माण के लिए शासन व प्रशासन स्तर पर लगातार प्रयास कर रही हैं और विधानसभा में भी उन्होंने इस मार्ग के निर्माण के लिए कई बार आवाज़ उठाई है। इससे पहले भी मीनाक्षी सिंह मुख्यमंत्री योगी जी को और लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव अजय चौहान जी को इस सड़क के निर्माण के लिए प्रस्ताव दे चुकी हैं। विधायक मीनाक्षी सिंह जी से पूछने पर उन्होंने बताया कि उनके लगातार प्रयास की वजह से खुर्जा-शिकारपुर मार्ग के निर्माण कार्य को लोक निर्माण विभाग द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 की कार्ययोजना में शामिल कर लिया गया है। तत्पश्चात् प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में गठित व्यय वित्त समिति (श्वस्नष्ट) द्वारा भी दिनांक 20 सितंबर 2024 को इसे स्वीकृति दे दी गयी है। अब इस मार्ग के निर्माण के लिए शासन से केवल शासनादेश जारी होना बाकी रह गया है जिसके लिए क्षेत्रीय विधायक मीनाक्षी सिंह जी ने मुख्यमंत्री जी आग्रह किया कि जल्दी से जल्दी शासन के स्तर से शासनादेश जारी करा दिया जाये ताकि सड़क निर्माण कार्य शीघ्रातिशीघ्र प्रारंभ किया जा सके जिसके लिए मुख्यमंत्री ने उन्हें पूर्ण आश्वासन दिया है। इसके अतिरिक्त विधायक मीनाक्षी सिंह ने खुरजा नगर के जाम की समस्या के समाधान के लिए खुरजा-ज़ेवर रोड पर स्थित अर्शिया फैक्ट्री के पास से एन0 एच0 -91 पर स्थित कैलाश अस्पताल के पास तक 04 किमी लम्बे मिनी बाई पास के निर्माण के लिए और ढाकर मोड़ के पास स्थित रेलवे लाइन के ऊपर ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए भी मुख्यमंत्री जी को पुन: प्रस्ताव दिया। इसके साथ ही गरीब बालिकाओं की शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए खुरजा में एक राजकीय कन्या इंटर कालेज के निर्माण के लिए भी प्रस्ताव दिया है।

# शामली जिले में मकान निर्माण के दौरान दो लोगों की करंट लगने से मौत



मुजफ्फरनगर ।शामली जिले में मकान निर्माण स्थल पर काम करते समय हाईटेंशन तार की चपेट में आकर करंट लगने से दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना मंगलवार शाम जिले के गंगेरू गांव की है। कांधला पुलिस थाना के प्रभारी (एसएचओ) एस कुमार ने बताया कि मुनव्वर (27) और उजैर (19) एक कॉलम खड़ा करने का काम कर रहे थे तभी एक सरिया मकान के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली के तार से छू गया। दोनों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस मनाया गया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। बुधवार को अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के शुभ अवसर पर विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस मनाया गया उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के क्रम मे अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर मुख्य अतिथि के रुप में हिमांशु गौतम आई ए एस मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित समस्त मदरसा संचालको, प्रबंधकों, प्रधानाचार्यो व अल्पसंख्यक समुदाय के सम्मानित व्यक्तियों को अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि सरकार के द्वारा एमएसडीपी प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत अल्पसंख्यक बाहुल्य ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में अनेकों विकास के कार्य कराए जा रहे हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी शिवकुमार ने अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं से सभी को अवगत कराते हुए ज्यादा से ज्यादा व्यक्तियों को लाभ लेने का अनुरोध किया। अल्पसंख्यक समुदाय के उत्थान एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता अभियान चलाने व जागरूक करने के लिए मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम आई.ए.एस व जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी शिवकुमार ने डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सोशल वेलफेयर सोसाइटी के चेयरमैन मौ दानिश कुरैशी, मास्टर जुबेर, कु गुलनाज, मारवाड़ इंटर कॉलेज के मो कैफ आरम रेसलर, नाहिद, हुमा चोधरी, आयशा परवीन अक्शा,इलमा, जिया, मो उबेद,शाहबाज, मौ अहमद, कारी शहजाद , महताब, कारी शहजाद, मो दानिश कुरेशी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी शिव कुमार, सोसायटी के चेयरमैन दानिश कुरैशी, वली मो, चौधरी जुबेर, जाकिर हुसैन, अब्दुल कादिर , मोहसिन, नदीम सैफी, इकबाल सैफी, मौ युनुस, कारी शहजाद, शायदा, गुलनाज, मौ अहमद समेत आदि लोग उपस्थित रहे।

# किसानों की समस्याओं को प्राथमिकताओं में प्राथमिक रूप से निस्तारण करने के निर्देश दिए



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने किसान दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों से किसानों की समस्याओं को प्राथमिकताओं में प्राथमिक रूप से निस्तारण करने के निर्देश दिए। किसान दिवस में जिलाधिकारी ने किसानों की विद्युत, सिंचाई, आवारा पशु, सफाई, भूमि पैमाइश, सड़क, योजनाओं का लाभ तथा अन्य संबंधित शिकायतों को निर्धारित अवधि में समाधान करने को कहा। किसान दिवस में जनपद के विभिन्न क्षेत्रो के कृषको एवं कृषक प्रतिनिधियो द्वारा प्रतिभाग किया गया। किसान दिवस में सर्वप्रथम योगेन्द्र कुमार उप कृषि निदेशक हापुड़ द्वारा उपस्थित सभी सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारियो एवं कृषक बन्धुओ का स्वागत किया गया। इसके उपरान्त अध्यक्ष महोदया की अनुमति से किसान दिवस की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। उप कृषि निदेशक हापुड़ द्वारा गत्तमाह नवंबर, 2024 के किसान दिवस में प्राप्त शिकायतो से सम्बन्धित निस्तारण आख्या उपस्थित सभी कृषको के समक्ष पढ़कर सुनाई गयी तथा निस्तारण सम्बन्धी विस्तृत विवरण सम्बन्धित अधिकारी द्वारा कृषको को अवगत कराया गया। किसान दिवस में विभिन्न कृषको द्वारा समस्या लिखित रूप से अवगत करायी गयी। जिलाधिकारी महोदया हापुड़ द्वारा किसान दिवस में समस्त सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारियों / प्रतिनिधियों को अपने विभाग से संबंधित समस्याओं का निस्तारण करें प्रत्येक दशा में निस्तारण की कार्यवाही की प्रति किसान दिवस के नोडल अधिकारी उप कृषि निदेशक, हापुड कार्यालय निकट कोतवाली में उपलब्ध कराते हुये एक प्रति शिकायतकर्ता को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी बैंकों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को फसल बीमा योजना से लाभांवित करें। उन्होंने कहा कि फसल बीमा योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक किसानों को लाभ मिलना चाहिए तथा किसानों का बीमा भी अवश्य करा जाए। उन्होंने कहा कि किसानों के गन्ने का भुगतान लगभग कर दिया गया है हमारी कोशिश रहेगी कि नया गन्ना भुगतान भी समय से कर दिया जाए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से किसानों की शिकायतों का जल्द से जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी, बैंक अधिकारी, किसानगण तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पंडित सुनील भराला का काफिला हापुड़ के छिजारसी टोल प्लाजा पर पहुंचा तो पुलिस ने उन्हें वहीं पर रोक लिया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। भाजपा से श्रम विभाग के अध्यक्ष व निवर्तमान राज्य मंत्री पंडित सुनील भराला के संभल दौरे को लेकर आज छिजारसी टोल पर पुलिस सुबह से ही मुस्तेद दिखाई दी, तो वहीं जैसे ही पंडित सुनील भराला का काफिला हापुड़ के छिजारसी टोल प्लाजा पर पहुंचा तो पुलिस ने उन्हें वहीं पर रोक लिया और समझा कर वापस भेजा। वही हमारे संवाददाता से बात करते हुए पंडित सुनील भराला ने कहा कि संभल के बालाजी मंदिर में भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापित करने के लिए आज हम अपने काफिले के साथ संभल जा रहे थे हमें जानकारी थी कि संभल में अब माहौल शांत चल रहा है लेकिन अभी जानकारी मिली है कानून व्यवस्था को देखते हुए अभी वहां जाना ठीक नहीं है जिसके चलते आज छिजारसी टोल प्लाजा से ही वापस जाना हो रहा है फिर माहौल शांत होने के बाद हम दोबारा संभल जाएंगे और भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापित कर 51 किलो दूध से भगवान को दुग्धाभिषेक करेंगे।



# प्रतिभाशाली होनहार छात्रों को सम्मानित किया गया




उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। अखिल भारतीय साहित्य संघ के तत्वावधान में पंडित राम प्रसाद बिस्मिल एवं अशफाक उल्ला खान की शहादत के पूर्व दिवस पर यहां दोयमी रोड स्थित उच्च प्राथमिक कंपोजिट विद्यालय में प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय महासंघ के राष्ट्रीय पदाधिकारियों ,साहित्यकारों एवं कवियों ने काव्य के माध्यम से देश के शहीदों एवं महानायकों के बारे में बच्चों को बताया। इससे पूर्व स्कूल के प्रधानाचार्य श्री दिलशाद जी ने सभी साहित्यकारों को पटका,माला,एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। मंच का संचालन करते हुए संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा अनिल बाजपेई ने पढ़ा गंध मकरंद लेके चलती समीर यहां कल कल गंगा के निनाद वाला देश है,प्रेम गीत गूंजते हैं सागरो में मंदिरों में ,बिस्मिल और अशफाक वाला देश है, झूल गए फांसियों पे हंस हंस झूम झूम,सुखदेव और राजगुरु वाला देश है,गोली मारी कनपटी पर गाते वंदे मातरम शेर ए दिल शेखर आजाद वाला देश है। गाजियाबाद से पधारे कवि वैभव शर्मा ने पढ़ा -जब जब भारत की धरती पर आक्रांताओं का तंत्र हुआ, नवयुवको के प्राणों से भारत फिर स्वतंत्र हुआ! बुलन्दशहर से पधारे डॉक्टर आलोक बेजान की यह पंक्तियां विशेष रूप से सराही गईं गर्मी में कट गई कभी, जाड़े में कट गई ! ये देह थी किराए की , भाड़े में कट गई ! हमने तो रोज़ सांस की गिनती गिनी मगर , ये ज़िन्दगी तो सिर्फ़ , पहाड़े में कट गई !!पिलखुवा से पधारे कवि डा.सतीश वर्धन ने पढ़ा कि तुम विधा तो बनी पर कहानी नही।

तुम हवा तो बनी पर सुहानी नही। अब तो मैं ही नही सारा जग ये कहे प्रेयसी तुम बनी पर दिवानी नही। सामाजिक विद्रूपता पर प्रहार करते हुए लक्ष्मण यति ने पढ़ा बिल्ली हमको सिखा रही हिंसा करना पाप है, क्षण भर बाद लगा पता वह चूहा ही साफ है इस अवसर पर तन्वी,निशांत,निधि,नीरू,छवि,करणशर्मा,मानसी को विशेष प्रतिभा के लिए सम्मानित किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य श्री दिलशाद अली ने सभी साहित्यकारों का आभार व्यक्त किया। लवलेश,रानी चहल,मीनू वर्मा,रश्मि मित्तल उपस्थित रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त पेंशनरों की समस्या को सुना गया





उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। उ0प्र0 शासन वित्त (सामान्य) अनुभाग-3 के आदेश संख्या 39/ 2024/आई/811454/ 2024 / फा0न0-10-22099/563/2020 लखनऊ दिनांक 02.12.2024 के अनुपालन में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिलाधिकारी हापुड के निर्देशो के कम में मुख्य विकास अधिकारी, हापुड की अध्यक्षता में पेंशनर्स दिवस का आयोजन किया गया जिसका संचालन वरिष्ठ कोषाधिकारी हापुड द्वारा किया गया जिसमें वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान जनपद हापुड के जिलाध्यक्ष सुन्दर कुमार आर्य, अनिल कुमार गुप्ता जिला सचिव के साथ-साथ अन्य विभागों से सेवानिवृत्त हुए पेंशनसम जनपद के विभागो के कार्यालयाध्यक्षो द्वारा प्रतिभाग किया गया। सभा की अध्यक्षता कर रहें मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त पेंशनरों की समस्या को सुना गया तथा संबंधित विभागों के कार्यालयध्यक्षों को त्वरित निस्ताराण के निर्देश दिये गये।

वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा सस्थान हापुड के अध्यक्ष, सचिव व अन्य पदाधिकारियों द्वारा मुख्य विकास अधिकारी हापुड को अपना ज्ञापन सौपा। पेंशनर्स दिवस में उपस्थित समस्त पेंशनरो द्वारा कोषागार स्तर पर कोई भी प्रकरण लम्बित न होने तथा त्वरित कार्यवाही के लिये वरिष्ठ कोषाधिकारी व उनके सहायकों की भूरी-भूरी प्रसंशा की गयी।

# नेह नीड के चतुर्थ वार्षिक सम्मेलन एवं नवीन भवन के लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस




हापुड़। गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के ब्रजघाट में नेह नीड के चतुर्थ वार्षिक सम्मेलन एवं नवीन भवन के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मानस मर्मज्ञ अतुल कृष्ण भारद्वाज ने कहा की करुणा से ही दया का निर्माण होता है जो संस्कृति का मूल आधार है उन्होंने सभी भामाशाहों से अपने द्वारा अर्जित धन के शोधन के लिए अधिक से अधिक इस प्रकार के सामाजिक कार्यों में अपनी आहुति देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हम जाने अनजाने बहुत चीजों की स्थिति और परिस्थितियों का सामना करते हुए भूल बस कुछ अज्ञानता करते हैं जिसका शोध करने के लिए हमें सामाजिक कार्यों में अपने धन रुपी सामग्री की आहुति देनी चाहिए। प्रसिद्ध भागवत कथा आचार्य स्वामी अनिरुद्धआचार्य जी महाराज ने सभी उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि आज नेह नीड़ के प्यारे बच्चों ने जिस प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किए हैं वह वास्तव में मन को मोह लेने वाले हैं इस प्रकार के कार्यक्रम निश्चित रूप से प्राचीन गुरुकुलों में ही संभव होते थे जिसे आज नेह नीड़ कर रहा है। हम सबको अपनी शिक्षा का प्रकार इस प्रकार रखना चाहिए कि हम नौकरी देने वाले बने नौकरी करने वाले नहीं,उन्होंने कहा कि जब अच्छी नियत के साथ गुरु अपने बच्चों की शिक्षा दीक्षा का ध्यान रखना है तब वह चंद्रगुप्त की तरह अपने शिष्यों को तैयार करता है जिस प्रकार चाणक्य ने एक चरवाहे के बच्चे को उचित शिक्षा दीक्षा देकर महान सम्राट बना दिया था आज वही कार्य कन्हैया लाल जी ने रेड के बच्चों को उचित शिक्षा दीक्षा के साथ आधुनिक चंद्रगुप्त तैयार कर रहे हैं ।सेवा भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुधीर कुमार ने कहा कि संपत्ति और विपत्ति सहोदर हैं इसलिए किसी की भी उपेक्षा नहीं करनी चाहिए जब हम किसी की उपेक्षा करने लगते हैं तब हम अपनी मानसिकता को वैसी ही बना लेते हैं जबकि समाज में दो प्रकार का कार्य है एक है भूखे को रोटी देना जबकि दूसरा सेवा कार्य है कि हमें उसे इस तरीके से तैयार करें कि वह स्वयं भी भूखा न रहे वरन दूसरों को भी भोजन देने वाला बन जाए। हनुमानगढी के प्रसिद्ध संत ब्रह्म ऋषि महेश योगी ने नेह नीड के बच्चों के द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कार्यक्रम को देव तुल्य बताया। उन्होंने कहा कि आज हनुमान जी के समान कन्हैया लाल जी इन बच्चों की सेवा का जो कार्य कर रहे हैं वह उन्हें निश्चित रूप से प्रभु राम की सेवा का पुण्य प्रदान करेगा ।इस अवसर पर अपने पूर्वजों की स्मृति में दान देकर इस भवन के निर्माण में अपनी आहुति देने वाले भामाशाह परिवारों को भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नेह नीड के बच्चों द्वारा मार्शल आर्ट का प्रदर्शन,दंड का प्रदर्शन,घोष का वादन एवं सामूहिक आसन में आदियोगी गीत पर शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इससे पूर्व गणेश वंदना का नृत्य देखकर उपस्थित जन भाव विभोर हो उठे।कार्यक्रम का संचालन शिवकुमार सिंह ने किया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संचालन नेह नीड के कक्षा नौके छात्र करण ने किया जिसकी सभी8 वक्ताओं ने भूरी भूरी प्रशंसा की। संस्था के अध्यक्ष प्रसिद्ध हनुमान कथा वाचक अरविंद भाई ओझा ने सभी उपस्थित जनों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि नहीं नींद आपकी आशाओं पर सदैव उत्तीर्ण होगा।

कार्यक्रम में दर्शन लाल अरोड़ा ईश्वर दयाल,सेवा भारती के अनिल कुमार,वेदपाल सहप्रांत संपर्क प्रमुख,राजीव दादू,मूलचंद आर्य,सुरेंदर चौहान,चंद्रशेखर चौहान,उत्कर्ष, राजू भैया ,कपिल शर्मा ,मोहित गुप्ता, सुधांशु महेश्वरी,विपिन गोयल, विशाल मांगलिक,तरुण बाठला, वासुदेव शर्मा,हरिशंकर शर्मा, मनोज गोयल,राकेश गोयल,अश्वनी, अभिषेक,निर्देश,प्रिंस,राजेन्द्र कुमार आदि आने को प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तीर्थ नगरी ब्रजघाट पहुंचे प्रसिद्ध कथा वाचक अनिरुद्धाचार्य महाराज गंगा घाट पर पूजा अर्चना कर मां गंगा में चढ़ाई दूध की धार



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ । जनपद हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर की तीर्थ नगरी ब्रजघाट पहुंचे प्रसिद्ध कथा वाचक अनिरुद्ध आचार्य नाम मोक्षदाययनी पतित पावनी गंगा मैया की पूजा अर्चना कर चढ़ाई दूध की धार। साथ ही दूसरों की जिंदगी में उजाला करने वाले हनुमान जी के ,संभल में 46 साल बाद खुले मंदिर के द्वार भी जताई खुशी। बता दें कि तीर्थ नगरी बृजघाट पहुंचे गौरी गोपाल आश्रम वृंदावन के महंत और प्रसिद्ध कथा वाचक अनिरुद्धाचार्य ने मां गंगा की विधिवत पूजा अर्चना की और गंगा में दूध की धार चढ़ाई। तो वही गंगा सभा आरती समिति के संचालक कपिल शर्मा और पदाधिकारियों ने कथावाचक अनिरुद्धाचार्य का पटका पहनाकर स्वागत किया। वही अनिरुद्धाचार्य ने मीडिया से रूबरू होते कहा की आज के दौर में सोशल समाज का सही तरीके से इस्तेमाल करना बेहद जरूरी है। ताकि समाज में सही संदेश जा सके। वही संभल मंदिर को लेकर भी बोले 46 साल बाद मंदिर खुला है खुशी की बात है गलत काम रुकने ही चाहिए।

# पुलिस ने 25,000/- रुपये के इनामी अभियुक्त को किया गिरफ्तार



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। थाना सिम्भावली व एसटीएफ मेरठ की संयुक्त पुलिस टीम ने रंगदारी मांगने के अभियोग में फरार/वांछित चल रहे 25,000/- रुपये के इनामी अभियुक्त को किया गिरफ्तार। जिसके कब्जे से एक अवैध तमंचा मय 02 जिन्दा कारतूस बरामद। गिरफ्तार अभियुक्त थाना सिम्भावली का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है, जिसके विरुद्ध उत्तराखण्ड राज्य व अमरोहा, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, बुलन्दशहर व हापुड़ आदि जनपदों में हत्या, लूट, हत्या का प्रयास, गैंगस्टर व गुण्डा एक्ट आदि से सम्बन्धित 03 दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत हैं।

# सदरपुर गांव में एक बार फिर एक मकान में निकला कोबरा सांप परिवार मचा हड़कंप




उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड। हापुड़ जिले बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव सदरपुर में एक बार फिर से एक विशाल कोबरा निकलने से हड़कंप मच गया.सांप को देख घर के सभी लोग घर छोड़कर बाहर भाग गए.बाद में रेस्क़्यू करने के लिए वन विभाग की टीम को बुलाया गया,जिसके बाद सांप का रेस्क्यू किया गया,तब जाकर परिवारवालों ने राहत की सांस ली,गांव सदरपुर वीकेसी स्मारक हॉस्पिटल के बराबर में सांप निकला था.रेस्क्यू कर लिया गया,सांप 5 फुट का विशाल कोबरा था.जानकारी के अनुसार जिसे देशी भाषा मे गेहुंवन सांप के नाम से भी जाना जाता है.वन विभाग को इसकी सूचना दी गई सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने बड़ी मुश्किल से सामना करते हुए इंडियन कोबरा का रेस्क्यू किया,गया जब जाकर परिवार वालों ने राहत की सांस ली।

# शौर्य शक्ति फाउंडेशन के नेतृत्व में हापुड़ में सबसे बड़ा शिक्षा सम्मेलन का आयोजित किया गया




उजाला हितैषी एक्सप्रेस अमित कुमार

हापुड़ । गढ़मुक्तेश्वर संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने बताया यह संगठन का सातवां विशाल शिक्षा सम्मेलन किया गया जिसमें 400 मेधावी छात्र छात्रों को 200 शिक्षकों को और 100 सामाजिक कार्यकर्ता को समाज में विशेष योगदान देने के लिए सम्मानित किया गया है। शौर्य शक्ति फाउंडेशन द्वारा आयोजित शिक्षा सम्मेलन में शिक्षा जगत से जुड़े हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। संगठन के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने बताया हमारे संगठन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहित करना एवं उनका मार्गदर्शन करना है जो संगठन लगातार 7 वर्षों से करता आ रहा है। शिक्षा सम्मेलन एक ऐसा मंच है जहां छात्र छात्राएं शिक्षक सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न क्षेत्रों के विद्वान लोग एक साथ एक मंच साझा करते हैं और शिक्षा व्यवस्था में सुधार और एक बेहतर समाज के निर्माण में अपना योगदान देते हैं। शिक्षा सम्मेलन में मुख्य रूप से नेहा यादव समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व अध्यक्ष समाजवादी छात्र सभा मौजूद रहे नेहा यादव ने बताया कि शिक्षा से ही एक बेहतर देश का निर्माण होता है और शौर्य शक्ति फाउंडेशन यहां कार्य लगातार कर रहा है। विशिष्ट अतिथि के तौर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रोफेसर धर्मेंद्र यादव मौजूद रहे एवं छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। आयोजन समिति में नरेंद्र सिंह, आशुतोष शर्मा, आकांक्षा शर्मा, अंकित भड़ाना, स्नेहा ऑस्कर विजेता, बाइंडर कश्यप, विक्रम गुर्जर, श्रवण शर्मा, बिजेंद्र शर्मा, प्रदीप शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# गढ़मुक्तेश्वर तहसील में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन का धरना दूसरे दिन भी रहा जारी



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। तहसील गढ़मुक्तेश्वर में किसने की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा।जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं से खनन अधिकारी, एक्शन गढ़मुक्तेश्वर, एसडीओ गढ़मुक्तेश्वर, यूपीडा एलएनटी अधिकारी,एसडीएम गढ़मुक्तेश्वर, तहसीलदार गढ़मुक्तेश्वर, रेंजर करन सिंह,शुगर सिंभावली मिल से कैन मैनेजर को रूबरू कराया गया। जिसमें अधिकारियों के द्वारा लगभग 80% किसानों की मांगे मांनी गई। वहीं खनन के जो मुकदमे किसानों पर हो रहे थे। वह मुकदमे अब 33 ट्रॉली तक किसान अपने खेत में डाल सकता है।कोई किसी तरह का मुकदमा दर्ज नहीं होगा।जिसकी परमिशन फ्री जन सेवा केंद्र से आप कर सकते हैं। पिछले छः महीने पहले जो किसान की गेहूं की फसल जलकर राख हुई थी। जिसका मुआवजा तीन महीने पहले किसान को मिलना चाहिए था। लेकिन नहीं मिला अब वह मुआवजा 15 दिन बाद किसान को दिया जाएगा। अगर ऐसा नहीं होता है तो फिर से किसान एक्शन ऑफिस का घेराव करेंगे। और गन्ना शुगर मिल अगर जल्द किसानों का भुगतान नहीं करते हैं। तो किसान मजबूर होकर सिंभावली शुगर मिल में चल रही शराब फैक्ट्री मैं तालाबंदी करेंगे। अवैध पेड़ों का कटान पूर्ण रूप से बंद होगा। अगर ऐसा नहीं होता है तो भारतीय किसान यूनियन डीएफओ हापुड़ का घेराव करेगी। किसानों पर फर्जी मुकदमे दर्ज नहीं होंगे।गंगा एक्सप्रेसवे पर चल रहे कार्य में LNT, PDA के द्वारा किसानों की काफी शिकायतें हैं जिनको लेकर भारतीय किसान यूनियन एक जत्था जल्द तैयार करेगी। और जांच में गड़बड़ हुई तो एक्सप्रेसवे का कार्य बंद कराया जाएगा। घरौनी एवं खतौनी में हुई गड़बड़ एवं लापरवाही को एसडीएम एवं तहसीलदार ने माना गलती और किसानों से आग्रह किया कि जल्द से जल्द अपनी खतौनियों को निकलवा कर चेक कर ले।अगर गलती हुई है तो लेखपालों की एक टीम हर गांव पहुंचेगी। और समस्या का समाधान केवल 5 दिन में होगा। जिसमें एफिडेविट की कोई जरूरत नहीं होगी। पंचायत की अध्यक्षता बाबा त्रिपाठी एवं संचालन मंडल अध्यक्ष जीते चौहान ने किया। इस मौके पर दिनेश त्यागी, चौधरी वीरेंद्र सिंह, ठाकुर भवेंद्र सिंह सिसोदिया, संसार सिंह चौहान, सुनील चौहान, फैजान प्रधान, ब्रह्मपाल प्रधान इंसाफ अली, मनोज गुर्जर, रणवीर गुर्जर, विकल गुर्जर, नरेंद्र त्यागी, गजेंद्र त्यागी खिलवाई, मनोज प्रधान ब्रह्मपाल प्रधान सर्वेश, प्रधान निशांत त्यागी, अंकित बाबू, बॉबी त्यागी, दिवेश चौहान,आशु त्यागी, नवल खान, जसवंत गिरी, सुमित गुर्जर, गुलजार खा, इमरान त्यागी, कलवा लुहरी, साजिद मोडी, अनुज चौहान आदि सैकड़ो से अधिक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हत्या के एक मामले में फरार एक लाख रुपये का इनामी बदमाश गिरफ्तार

नोएडा । उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की नोएडा इकाई ने हत्या के एक मामले में फरार एक लाख रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि उसके पास से एक पिस्तौल और सात कारतूस बरामद किए गए हैं। एसटीएफ की नोएडा इकाई के पुलिस अधीक्षक राजकुमार मिश्रा ने बताया कि विशिष्ट सूचना के आधार पर मंगलवार रात मनप्रीत सिंह उर्फ सन्नी को मेरठ से गिरफ्तार किया गया जो इस साल छह जनवरी को मेरठ जिले के हस्तिनापुर थाना क्षेत्र में हुई तीरथ सिंह की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी और फरार था। उन्होंने बताया कि उस पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित है। मिश्रा ने बताया, ''मनप्रीत सिंह के खिलाफ चोरी, लूट, हत्या सहित विभिन्न धाराओं में 25 मुकदमे दर्ज हैं जिनमें से 20 मामले दिल्ली के विभिन्न थानों में दर्ज है।'' उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत के चुनाव के दौरान हुई रंजिश में मनप्रीत सिंह ने तीरथ सिंह की हत्या की थी।

# नोएडा प्राधिकरण की बड़ी कार्रवाई, नामी बिल्डर के निर्मित 27 फ्लैटस को हुए सील

नोएडा । नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डा. लोकेश एम के निर्देश पर बड़े बकायेदारों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बुधवार को बकाया पैसा जमा न करने पर सेक्टर-76 स्थित मैसर्स स्काईटेक कन्सट्रक्शन प्रा.लि. (स्काईटेक मैट्रोट) के निर्मित 27 फ्लैटस को सील कर दिया। प्राधिकरण के अधिकारियों की इस कार्रवाई से बड़े बकायेदार बिल्डर सहमे हुए हैं। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ कार्यालय से जारी एक प्रेस नोट के अनुसार आज सेक्टर-76 में स्थित 20900 वर्गमीटर का ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड संख्या जीएच-1 के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए आवंटी को उप विभाजित भूखण्ड का पटटा प्रलेख निष्पादित कराते हुए भूखण्ड का कब्जा लिया गया। आवंटी द्वारा भूखण्ड के विरूद्ध देय धनराशि जमा नहीं करायी गयी थी। इस संबंध में समय-समय पर आवंटी को देय धनराशि जमा कराने के लिए नोएडा प्राधिकरण द्वारा कई नोटिस जारी किये गये। इसके बाद फिर आवंटी द्वारा भूखण्ड के विरूद्ध देय धनराशि जमा नहीं करायी गयी। नोएडा प्राधिकरण ने 14 अगस्त 2024 को भी एक और नोटिस जारी करते हुए आवंटी को 15 दिन के भीतर देय धनराशि जमा करने को कहा था, लेकिन फिर भी धनराशि का भुगतान नहीं किया गया। आज नोएडा प्राधिकरण के सीईओ के सख्त निर्देश पर प्राधिकरण अधिकारियों ने देय धनराशि जमा न कराने पर ग्रुप हाउसिंग के निर्मित 27 फ्लैटस को सील कर दिया। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई वित्तीय दायित्वों की अनदेखी करने के कारण की गई है, जो सरकारी भूमि और प्राधिकरण की नियमों के उल्लंघन के तहत आती है।

# ग्रेटर नोएडा में निर्माणाधीन सोसायटी में काम कर रहा श्रमिक आठवीं मंजिल से नीचे गिरा, मौत

नोएडा । ग्रेटर नोएडा के थाना बिसरख क्षेत्र में निर्माणाधीन सोसाइटी में काम कर रहा एक श्रमिक आठवीं मंजिल से नीचे गिर गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं थाना कासना क्षेत्र के सिरसा गांव में रहने वाला एक व्यक्ति सीढ़ियों से नीचे गिर गया। इस घटना में उसे गंभीर चोट आई। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई है। थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि अखिलेश पुत्र रामकृष्ण उम्र 24 वर्ष थाना बिसरख क्षेत्र में निर्माणाधीन एक सोसायटी में काम कर रहा था। काम करते समय वह आठवीं मंजिल से नीचे गिर गया। इस घटना में उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना कासना क्षेत्र के सिरसा गांव में रहने वाले एक व्यक्ति सीढ़ियों से नीचे गिर गया। इस घटना में उसकी मौत हो गई। थाना कासना के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि ललित पुत्र डोमू यादव उम्र 40 वर्ष सिरसा गांव में रहता था। वह बीती रात को सीढ़ियों पर चढ़ रहा था। तभी वह लड़खड़ा कर नीचे गिर गया। गंभीर हालत में उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दिल्ली में नकली आधार कार्ड बनाया जा रहा है - वीरेंद्र सचदेवा



नई दिल्ली । दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को नकली आधार कार्ड मामले को लेकर दिल्ली सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह गंभीर समस्या उभरकर सामने आ रही है, जिसमें नकली आधार कार्ड और जाति प्रमाणपत्र बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा, यह सब अरविंद केजरीवाल के नगीना विधायक और उनके समर्थकों के द्वारा हो रहा है। द्वारका सेक्टर 22 और 23 के इलाकों में इन मामलों की पुष्टि हुई है, इन मशीनों से आधार कार्ड तैयार किए जाते थे और यह प्रक्रिया लगातार चल रही थी। उन्होंने आगे कहा, यह बात सामने आई कि लोकसभा चुनाव के दौरान जब शिकायत की गई थी कि यहां कुछ गड़बड़ी हो रही है, तो इन मशीनों को हटा दिया गया। लेकिन, इस दौरान कई दस्तावेज तैयार किए गए थे जो बेहद चौंकाने वाले हैं। हमें अब तक आठ मामलों की जानकारी मिली है। लेकिन, इसके अलावा हजारों मामले ऐसे हैं, जो हमारी निगाहों में हैं। यह तो केवल एक जिले का मामला है, लेकिन आप सोचिए दिल्ली के बाकी जिलों में क्या स्थिति होगी। जहां तक नकली आधार कार्ड और जाति प्रमाणपत्रों की बात है, तो यह सवाल उठता है कि किन लोगों को इन दस्तावेजों के जरिए लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा, क्या ये लोग असली भारतीय नागरिक हैं, या फिर रोहिंग्या या बांग्लादेशी हैं जो इन दस्तावेजों के जरिये अपना नाम बदलकर यहां रहने का प्रयास कर रहे हैं? यह एक गंभीर मुद्दा है और इसे हल करने के लिए एक गहरी जांच की आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा, हमारी ओर से इन मामलों को लेकर लगातार शिकायतें की जा रही हैं। लेकिन, ऐसे घपले के लगातार होते रहने से यह स्पष्ट होता है कि इन दस्तावेजों के अवैध निर्माण के कारण दिल्ली में असामाजिक तत्वों को फायदा हो रहा है। इन सब के पीछे का मकसद सिर्फ चुनावी लाभ उठाना और अवैध तरीके से सरकारी योजनाओं का फायदा प्राप्त करना है, जो कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए एक बड़ा खतरा है।

# अटल गौरव सम्मान सेहंसराज सुमन सम्मानित होंगे

नई दिल्ली । ग्रेस इंडिया एजुकेशनल चेरिटेबल न्यास (रजि.) की ओर से शिक्षा, साहित्य, फ़िल्म, पत्रकारिता, समाजसेवा, अभिनय व शोध के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वालों को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100 जयंती के अवसर पर ग्रेस इंडिया सम्मान समारोह -2024 के अंतर्गत अटल गौरव सम्मान प्रदान किए जाएंगे। न्यास ने इस साल के ग्रेस इंडिया अवॉर्ड्स के अंतर्गत अटल गौरव सम्मान-2024 की घोषणा की है। न्यास ने इस बार का यह सम्मान दिल्ली विश्वविद्यालय के अरबिंदो कॉलेज में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. हंसराज सुमन को दिए जाने की घोषणा की है। यह सम्मान वाईएमसीए नई दिल्ली में 21 दिसम्बर को दिया जाएगा। प्रति वर्ष यह सम्मान पत्रकारिता व शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य करने वाले व्यक्ति को दिया जाता है। बता दें कि दिल्ली विश्वविद्यालय में डॉ.सुमन एक महत्त्वपूर्ण नाम है। इन्होंने हंसराज कॉलेज से स्नातक व स्नातकोत्तर, दिल्ली विश्वविद्यालय से बीएड, एम.ए. मास कॉमनीकेशन (कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय) एम. फिल. व पीएच-डी, हिन्दी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय से करने के उपरांत पत्रकारिता व अध्यापन कार्य को अपना करियर बनाया।

# नोएडा में यूट्यूबर राजवीर सिसोदिया ने एक व्यक्ति को पीटा



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

ग्रेटर नोएडा । सोशल मीडिया पर एक वीडियो काफी तेजी के साथ वायरल होता नजर आ रहा है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि यूट्यूबर राजवीर सिसोदिया एक व्यक्ति के साथ नोएडा की सड़क पर मारपीट कर रहे हैं। वह मारपीट करते हुए व्यक्ति को गंदी-गंदी गाली दे रहे हैं। इसका वीडियो तेजी के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसके बाद लोग नोएडा पुलिस से यूट्यूबर राजवीर सिसोदिया के खिलाफ एक्शन लेने की मांग कर रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर यह भी बताया जा रहा है कि जिस व्यक्ति को यूट्यूबर राजवीर सिसोदिया पीट रहे है, वह पीछे से दो कार में टक्कर मारकर आया था। यह मामला नोएडा सेक्टर-113 थाना क्षेत्र का है। पृथला फ्लाईओवर के पास यूट्यूबर राजवीर सिसोदिया ने सड़क पर मारपीट की है।

लोगों को कहना है कि इस मामले में एक्शन होना चाहिए। चाहे पीटने वाले की गलती हो या ना हो, राजवीर सिसोदिया को कोई हक नहीं है कि वह कानून अपने हाथ में ले। उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था अच्छी है, इस मामले में पुलिस को सूचित करना चाहिए। ना ही खुद बदमाश बनकर किसी के साथ मारपीट करनी चाहिए।

# दिल्ली में प्रदूषण का कहर जारी, 400 के पार पहुंचा एएक्यूआई



नई दिल्ली । दिल्ली-एनसीआर में एक बार फिर से प्रदूषण अपने खतरनाक स्तर पर पहुंच चुका है। राजधानी दिल्ली में बुधवार सुबह 7.15 बजे तक एक्यूआई 450 तक पहुंच गया। केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के मुताबिक, राजधानी दिल्ली में बुधवार सुबह 7.15 बजे तक एक्यूआई 450 तक पहुंच चुका है, जबकि दिल्ली-एनसीआर के फरीदाबाद में एक्यूआई 263, गुरुग्राम में 392, गाजियाबाद में 390, ग्रेटर नोएडा में 330 और नोएडा में 364 एक्यूआई बना हुआ है। राजधानी दिल्ली के अधिकतर इलाकों में एक्यूआई लेवल 400 से ऊपर और 500 के बीच में बना हुआ है। अलीपुर में 443, आनंद विहार में 481, अशोक विहार में 461, आया नगर में 410, बवाना में 472, बुराड़ी क्रॉसिंग में 48 3, मथुरा रोड में 466, डॉ करणी सिंह शूटिंग रेंज में 448, डीटीयू में 432, द्वारका सेक्टर 8 में 457, आईजीआई एयरपोर्ट में 448, आईटीओ में 455, जहांगीरपुरी में 469, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 441, मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में 440, मंदिर बाग में 430, मुंडका में 473, नरेला में 463, नेहरू नगर में 480, नॉर्थ कैंपस डीयू में 437, शादीपुर में 467 अंक बना हुआ है। अगर दिल्ली में दृश्यता की बात करें, तो सुबह 5.30 बजे तक 8.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और सुबह 7 बजे आईजीआई एयरपोर्ट पर विजिबिलिटी 300 मीटर रही। राष्ट्रीय राजधानी में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए कई तरह की पाबंदियां लगाई गईं हैं। दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और नोएडा में कक्षा छठी, नौवी और 11वीं की पढ़ाई हाईब्रिड मोड से संचालित किए जाने का निर्देश दिया गया। हाईब्रिड मोड का अर्थ हुआ कि बच्चे फिजिकल और ऑनलाइन दोनों ही तरह के क्लास अटेंड कर सकते हैं। बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए यह कदम उठाया गया। बता दें, अगर किसी क्षेत्र के एक्यूआई 0 से 50 के बीच रहता है, तो उसे अच्छी श्रेणी की हवा गुणवत्ता कहा जाता है । 51 से 100 के बीच संतोषजनक वायु गुणवत्ता माना जाता है। 101 और 200 की एक्यूआई श्रेणी को मध्यम श्रेणी का माना जाता है। अगर किसी जगह का एक्यूआई 201 से 300 के बीच हो तो उस क्षेत्र का एक्यूआई 'खराब' माना जाता है।

# गौतमबुद्धनगर में होगा पहला गौ कुंभ मुख्यमंत्री योगी देंगे भक्तों को आशीर्वाद कई बड़े चेहरे होंगे शामिल

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

ग्रेटर नोएडा। ऐतिहासिक आयोजन की तैयारी जोरों पर है। 1 और 2 मार्च 2025 को सेक्टर-46 के रामलीला मैदान में प्रदेश का पहला गौ कुंभ आयोजित होने जा रहा है जो गौ संरक्षण के प्रति समाज में जागरूकता लाने का महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

महोत्सव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में गौभक्तों को आशीर्वाद देंगे। विहंगम योग संत समाज के राष्ट्रीय संत नरेश अग्रवाल ने दिल्ली-एनसीआर के अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की है। बैठक में कैलाश चंद किला ने कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस महोत्सव की विशेषता यह रहेगी कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में गौभक्तों को आशीर्वाद देंगे। साथ ही पंजाब के राज्यपाल गुलाब चन्द कटारिया भी कार्यक्रम में पहुंचेंगे आयोजकों का कहना है

कि इस गौ कुंभ का मुख्य उद्देश्य गौ संरक्षण और संवर्धन को बढ़ावा देना है। देशभर से गौ प्रेमी और सामाजिक कार्यकर्ता इस आयोजन में भाग लेकर गौ संरक्षण के महत्व को रेखांकित करेंगे। कार्यक्रम में गौ पालन के विविध पहलुओं पर चर्चा की जाएगी, जिसमें गौ संरक्षण की रणनीतियां, गौ उत्पादों के उपयोग और समाज में गोवंश के महत्व को विस्तार से समझाया जाएगा। यह लोग हुए शामिल बैठक में रेनू, श्रेया, भारत रत्न जुगल किशोर और




निशु गुप्ता जैसे कई गणमान्य व्यक्तियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। यह पहला गौ कुंभ न केवल गौ संरक्षण के लिए एक मंच प्रदान करेगा, बल्कि समाज में गोवंश के प्रति संवेदनशीलता भी जगाएगा

# हमारा शिक्षालय फ़ाउंडेशन के बच्चों के लिए नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर लगाया

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

नोएडा । सेक्टर 63 नोएडा स्थित मुफ़्त शिक्षा केंद्र पर पढ़ने वाले छात्र छात्राओं के लिए मुफ़्त आँखों की जाँच कराने हेतु शिविर लगाया गया, जिसमें लगभग 100 से 150 बच्चों की आँखों की जाँच हुई। इसमें सहभागी आयी0सी0आयी0सी0आयी लोम्बार्ड की टीम ने हमारा शिक्षालय फ़ाउंडेशन के साथ मिलकर यह निर्णय लिया कि आजकल के बच्चे कंप्यूटर,मोबाइल एवं टीवी का इस्तेमाल बहूत ज़्यादा कर रहे हैं जिसके चलते संभावना है कि उनकी आँखों पर बुरा असर पड़ रहा है, इसके लिए अभी से सतर्क होने



एवं इलाज कराने की ज़रूरत है। सभी छात्र छात्राओं में कुछ बच्चों की आँखों का नंबर बड़ा आया है जिसके लिए जल्द से जल्द उन्हें चश्मे से मुहैया भी कराए जाएंगे। इस दौरान आशीष शर्मा संस्थापक हमारा शिक्षालय ने बच्चों को फ़ोन में फ़िज़ूल की चीज़ें देखने एवं पास से टीवी कंप्यूटर न देखने को कहा साथ ही बच्चों को बाहर दोस्तों के साथ शारीरिक खेल ज़्यादा खेलने की सलाह दी।

जिससे बच्चे शारीरिक एवं मानसिक रूप से मज़बूत हो। निचले तबके के बच्चों को अच्छा खाना कम मिल पाता है पर जितना भी मिलता है उसे ठीक से न खाएं। इसी के साथ लोगों से अपील करी कि जितने भी हो सके जैसे भी हो सके किसी ज़रूरतमंद की मदद अवश्य करें। इस मौक़े पर ख़ुशी गौतम, नितिन जी और ऑप्टिकल डॉक्टर की टीम मौजूद रही।

# यमुना एक्सप्रेसवे समेत अन्य मार्गों पर भी लगी वाहनों की रफ्तार पर लगाम

नोएडा । एनसीआर में बुधवार से ही घने कोहरे को देखते हुए यमुना एक्सप्रेसवे समेत कई अन्य मार्गों पर वाहनों की रफ्तार पर लगाम लग गई है। इनमें नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे, एलिवेटेड रोड और नोएडा ग्रेटर नोएडा के आंतरिक कई मार्ग भी शामिल हैं। यातायात विभाग द्वारा जारी की गई एडवाइजरी के मुताबिक यमुना एक्सप्रेस-वे, नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे, नोएडा एलिवेटेड रोड एवं कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के आंतरिक मार्गों पर 15 फरवरी 2025 तक के लिए अधिकतम गति सीमा को कम किया गया है। इनमें यमुना एक्सप्रेस-वे पर अधिकतम गति सीमा अब हल्के मोटरवाहन के लिए 75 किलोमीटर प्रति घंटा। भारी मोटरवाहन के लिए 60 किलोमीटर प्रति घंटा रहेगी। वहीं नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर अधिकतम गति सीमा अब हल्के मोटरवाहन के लिए 75 किलोमीटर प्रति घंटा, भारी मोटरवाहन के लिए 50 किलोमीटर प्रति घंटा रहेगी।




इसके अलावा नोएडा एलिवेटेड रोड पर अधिकतम गति सीमा अब हल्के मोटरवाहन के लिए 50 किलोमीटर प्रति घंटा, भारी मोटरयान के लिए 40 किलोमीटर प्रति घंटा रहेगी। वहीं एम पी-1 मार्ग और एम पी-2 मार्ग और डीएससी मार्ग पर अधिकतम गति सीमा अब हल्के मोटरवाहन के लिए 60 किलोमीटर प्रति घंटा और भारी मोटरवाहन के लिए 50 किलोमीटर प्रति घंटा रहेगी। वाहनों की अधिकतम सीमा पर लगाम लगाने के साथ साथ यमुना एक्सप्रेसवे पर कोहरे और धुंध के समय अधिक दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। कोहरे और धुंध के समय यमुना एक्सप्रेसवे पर यात्रा कर रहे वाहन चालकों को दुर्घटनाओं से बचाने के लिए कोहरे में सुरक्षित यात्रा के उपायों से संबंधित पैम्फलेट यमुना एक्सप्रेसवे के एंट्री और एग्जिट टोल प्लाजाओं एवं रोड साइड फैसिलिटीज पर बंटवाए जाएंगे। सभी टोल प्लाजाओं पर पीए सिस्टम के माध्यम से अनाउंसमेंट कराई जाएगी। पैम्फलेट्स में लिखित कोहरे के दौरान ड्राइविंग निर्देश/उपायों को रेडियो एफएम पर भी ठंड के मौसम में प्रसारित करवाया जाएगा। कोहरे में दुर्घटना से बचने के लिए उपायों से संबंधित सूचना का बड़े बड़े डिस्प्ले बोर्ड्स के माध्यम से एक्सप्रेसवे के एंट्री और एग्जिट टोल प्लाजाओं एवं रोड साईड फैसिलिटी पर लगाए जाएंगे। इसके अलावा शनिवार और रविवार और अवकाश के दिन यमुना एक्सप्रेसवे पर वाहनों का आवागमन अधिक होता है। इस अवधि में यमुना एक्सप्रेसवे के टोल प्लाजा के बूथ पर टोल टैक्स से सम्बन्धित वाहन चालकों को कोई समस्या न हो, इसके लिए प्रभावी व्यवस्था की जाएगी। इन व्यवस्थाओं में यमुना एक्सप्रेसवे पर तत्काल रिफलेक्टिव टेप लगवाई जाएंगी। यमुना एक्सप्रेसवे के एंट्री और एग्जिट प्वाइंट पर फाग लाइट लगाई जाएगी।

# आम आदमी पार्टी का भाजपा मुख्यालय पर 'हल्ला बोल'









नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आप) ने बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर संसद में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर का अपमान करने का आरोप लगाते हुए भाजपा मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। बुधवार को 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाजपा मुख्यालय के बाहर विरोध-प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी भी की। अरविंद केजरीवाल खुद अपने हाथ में 'बाबा साहेब का अपमान, नहीं सहेगा हिंदुस्तान' लिखी तख्ती लेकर पैदल ही भाजपा मुख्यालय की तरफ बढ़े। उनके साथ वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया, दिल्ली की सीएम आतिशी, कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज समेत तमाम नेता नारेबाजी करते हुए आगे बढ़ रहे थे। दिल्ली पुलिस ने सबको बीच रास्ते में रोक दिया तो वो सड़क पर ही बैठ गए और विरोध जताया। इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा कि बाबा साहेब आंबेडकर का अपमान आम आदमी पार्टी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। बाबा साहेब के दिए हुए संविधान की वजह से आप लोग सत्ता में आए हो। अगर आपको बाबा साहेब के नाम से आपत्ति है तो अपनी सत्ता छोड़ दो। बाबा साहेब का अपमान करने के लिए अमित शाह के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मंगलवार को संसद में देश के गृह मंत्री अमित शाह ने बाबा साहेब आंबेडकर का बहुत अपमान किया। उनका एक तरह से मजाक उड़ाया। देश के करोड़ों दलितों, गरीबों, कुचले, पिछड़े लोगों और वंचितों के लिए बाबा साहेब आंबेडकर भगवान से कम नहीं हैं। मरने के बाद पता नहीं कि स्वर्ग मिलता है या नहीं। लेकिन, आज इस पृथ्वी के ऊपर ऐसे करोड़ों वंचित इसलिए जिंदा हैं, क्योंकि बाबा साहेब आंबेडकर ने उन्हें संविधान में जीने और रहने का अधिकार दिया। उन्होंने कहा कि जिस तरह से अमित शाह ने बाबा साहेब आंबेडकर का अपमान किया उससे करोड़ों लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। मैं खुद व्यक्तिगत तौर पर उन्हें अपना आदर्श मानता हूं। उनके बताए गए रास्ते पर चलने की कोशिश करता हूं। मुझे जब भी कभी जीवन में कठिनाई महसूस होती है तो उनकी जीवनी उठाकर पढ़ लेता हूं। उनका संघर्ष हमें प्रेरणा देता है। केवल मैं ही नहीं, बल्कि आम आदमी पार्टी भी बाबा साहेब आंबेडकर के जीवन और बताए गए रास्ते पर चलने की कोशिश करती है। मेरे जैसे करोड़ों लोग हैं, जिनके आदर्श बाबा साहेब आंबेडकर हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज जिस तरह से प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह के समर्थन में उतर आए, उससे ऐसा लगता है कि मंगलवार को जो अमित शाह ने कहा था, वह भाजपा की एक सोची हुई रणनीति थी। जिसके तहत संसद में बाबा साहेब आंबेडकर का अपमान किया गया। अब यह साफ हो गया है कि भाजपा बाबा साहेब आंबेडकर के खिलाफ है, संविधान के खिलाफ है। अब भाजपा के जितने समर्थक हैं, उन्हें चुनना पड़ेगा कि या तो वो भाजपा के साथ हैं या बाबा साहब अंबेडकर के साथ हैं। वो दोनों के साथ नहीं हो सकते। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि अमित शाह के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए ताकि जितने लोगों में रोष है, वह रोष खत्म तो नहीं हो सकता है, लेकिन, अगर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी तो लोगों का गुस्सा कम हो सकता है। हम देश के कोने-कोने में इस बात को लेकर जाएंगे कि किस तरह भाजपा और उनका शीर्ष नेतृत्व बाबा साहेब का अपमान कर रहा है। हम दिल्ली के घर-घर में इस बात को लेकर जाएंगे कि किस तरह बाबा साहेब का अपमान किया जा रहा है।

# एम्स के डॉक्टर अभिनव को एसिकॉन अवार्ड से नवाजा

नई दिल्ली । भारतीय राष्ट्रीय शल्य चिकित्सक सम्मेलन (एसिकॉन) में एम्स के डॉक्टर अभिनव को सर्जरी के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया है। डॉक्टर अभिनव कुमार जो एम्स नई दिल्ली में कार्यरत है। उन्होंने सर्वश्रेष्ठ वीडियो प्रेजेंटेशन अवार्ड प्राप्त कर अपनी असाधारण प्रतिभा और सर्जरी के क्षेत्र में उत्कृष्टता का प्रमाण दिया है। यह प्रतिष्ठित अवार्ड, जो हर साल एक बार दिया जाता है, उनके गहन ज्ञान और समर्पण को दर्शाता है। यह अवॉर्ड कार्यक्रम बड़े ही भव्य रप में आयोद्यजित किया गया था। डॉक्टर अभिनव की इस उपलब्धि ने न केवल एम्स का गौरव बढ़ाया है, बल्कि डॉ. अभिनव को सर्जरी के क्षेत्र में एक विशिष्ट व्यक्तित्व के रूप में स्थापित किया है। ज्ञात हो कि एसिकॉन में भाग लेने वाले सर्जन अपने पेशे से जुड़े मुद्दों पर बारीकियों से अपने विचार भी रखते




है। इस मौके पर डॉक्टर अभिनव ने बताया कि ऐसे अवॉर्ड उनके मनोबल को बढ़ाते है। मैं सम्मान पा कर बहुत ही खुश हूं। मैं अपने दिल से शुक्रिया अदा करता हूं उन सबको जो इस सफर का हिस्सा रहे। आगे भी अपने इस मेडिकल के क्षेत्र में बेहतरीन करने के लिए प्रयासरत रहूंगा। ताकि अधिक से अधिक मरीजों को अपनी सेवाएं देकर उन्हें स्वस्थ कर सकूं। ये रहे एसीकॉन विजेता - डॉ. सुरेन्द्र पाठक, डॉ. अंकुर बंसल, डॉ. अनुभव गोयल, डॉ. उत्कर्ष गुप्ता, डॉ. रवि गोयल, डॉ. राजेश गुप्ता, डॉ. अभिषेक अरोरा, डॉ. मनोज शर्मा, डॉ. अंकुर अग्रवाल, डॉ. करन रावत, डॉ. सोमेन्द्र पाल सिंह, जगत पाल सिंह, डॉ. मयंक जैन, डॉ. मनीष गोयल, डॉ. भुवनेश शर्मा आदि शामिल थे।

# निगम के विद्यालय के छात्रों ने उत्तरी मैसेडोनिया के माननीय राजदूत के साथ ग्रीन क्रिसमस मनाया



नई दिल्ली । दिल्ली नगर निगम प्राथमिक विद्यालय एंड्रयूज गंज के छात्रों ने आज उत्तर मैसेडोनिया के माननीय राजदूत स्लोबोदान उजुनोव की उपस्थिति में ग्रीन क्रिसमस मनाया। इस अवसर पर दिल्ली नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त अमित कुमार शर्मा और ग्रामालय के निदेशक सुभाष मानव के साथ शिक्षा विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अमित कुमार शर्मा अतिरिक्त आयुक्त (शिक्षा) ने कहा कि इस समय जब प्रदूषण हम सभी को प्रभावित कर रहा है, कचरे का पुनच्चक्रण कचरे को कम करने के तरीकों में से एक है। उन्होंने कहा कि सतत विकास और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के लिए हमें युद्ध स्तर पर कचरे के पुन:चक्रण को अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि हम सभी को आने वाली पीढ़ियों के लिए धरती माता को बेहतर स्थिति में छोड़ने का संकल्प लेना होगा। दिल्ली नगर निगम के विद्यालय के छात्रों और स्टाफ सदस्यों ने उत्साह के साथ क्रिसमस की सजावट की। उत्सव के लिए इस्तेमाल की गई अपशिष्ट सामग्री का पुनर्चक्रण पूरे कार्यक्रम का सार था। इस अवसर पर एसजेडीएस टीम ने अद्भुत कथक नृत्य की प्रस्तुति दी। संपूर्ण कार्यक्रम बहुत उत्साहजनक था और पर्यावरण हितैशी तरीके से उत्सव मनाने का संदेश देने वाला था।

# रामकृष्ण मिशन की 115 वीं वार्षिक आम बैठक अत्यंत हर्षोल्लास एवं धूमधाम से संपन्न हुई



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

वृन्दावन ।मथुरा रोड़ स्थित रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम के हैड क्वार्टर बेलूर मठ, कोलकाता में रामकृष्ण मिशन की 115 वीं वार्षिक आम बैठक अत्यंत हर्षोल्लास एवं धूमधाम से संपन्न हुई ।जिसमें राम कृष्ण मठ एवं राम कृष्ण मिशन के महासचिव स्वामी सुवीरानंद महाराज ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में संस्था के कार्यों पर राम कृष्ण मिशन की संचालन समिति की रिपोर्ट प्रस्तुत की ।साथ ही संस्था को शासन-प्रशासन के द्वारा प्राप्त पुरस्कार व सम्मान, नए शाखा केंद्र एवं संस्था द्वारा देश-विदेश में चलाए जा रहे सेवा कार्यों की जानकारी दी।

राम कृष्ण मिशन सेवाश्रम, वृन्दावन के संयुक्त सचिव स्वामी कृष्ण काली दास महाराज ने बताया कि राम कृष्ण मठ व राम कृष्ण मिशन को वर्ष 2023-24 के अंतर्गत पश्चिम बंगाल के राज्यपाल ने समाज सेवा के क्षेत्र में मिशन के योगदान के लिए राज्यपाल उत्कृष्टता पुरस्कार तथा अरुणाचल प्रदेश सरकार ने राम कृष्ण मिशन द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों के लिए अरुणाचल प्रदेश राज्य पुरस्कार प्रदान किया गया ।इसके अलावा विवेकानंद विश्वविद्यालय के छात्रों ने राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, तिरुपति द्वारा आयोजित अखिल भारतीय संस्कृत छात्र प्रतिभा महोत्सव में 1 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य पदक प्राप्त किया तथा विवेक नगर, अगरतला के विद्यालय को केंद्रीय माध्यम शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा एक आदर्श सी.बी.एस.सी. स्कूल के रूप में प्रशस्त किया और विद्यालय के छात्रों ने भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर के बूट कैंप में 6 वां स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि राम कृष्ण मिशन के द्वारा हरियाणा के गुरुग्राम, पश्चिम बंगाल के कल्याणी, असम के खारुपेटिया, महाराष्ट्र के सकवार, तमिलनाडु के तिरुप्पुक्कुदल एवं मध्यप्रदेश के उज्जैन में 6 नए शाखा केन्द्रों की स्थापना की गई इसके अलावा राम कृष्ण मठ के द्वारा मध्य प्रदेश के अमरकंटक, पश्चिम बंगाल के दक्षिणेश्वर एवं कर्नाटक के वैंकटपुरा के रूप में 3 नए शाखा केंद्र खोले गए।

स्वामी कृष्ण काली दास महाराज ने कहा कि राम कृष्ण मठ व राम कृष्ण मिशन ने देश भर में स्थित 235 भारतीय शाखा केन्द्रों और उप केंद्रों के माध्यम से विभिन्न सेवा कार्य किए ।इन सेवा कार्यों पर कुल 1292.03 रुपए की धनराशि खर्च की गई। राम कृष्ण मठ व राम कृष्ण मिशन ने भारत ही नहीं अपितु 24 देशों में स्थित अपने 100 शाखा केन्द्रों और उप केंद्रों के माध्यम से अपने सेवा कार्यों को आगे बढ़ाया है और बढ़ा रहे हैं।

# श्री बालाजी निष्काम सेवा समिति द्वारा आयोजित 11 गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह धूमधाम से संपन्न



नई दिल्ली । श्री बालाजी निष्काम सेवा समिति द्वारा आयोजित श्री राम कथा व बालाजी महोत्सव के चौथे दिन 11 गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह का आयोजन रोहिणी स्थित जापानी पार्क जेएमडी टेन्ट के सामने धूमधाम से किया गया।

इन गरीब कन्याओं को आर्शीवाद देने के लिए विभिन्न जगहों से लोग एकत्रित हुए थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर परं संस्था चेयरमैन रितेश बंसल, संस्थापक अध्यक्ष राकेश गुप्ता, महासचिव महेश अग्रवाल, संरक्षक मुकेश मित्तल, सह-सचिव रमेश लुथरा, कोषाध्यक्ष सतीश सिंघल, कोषाध्यक्ष सतीश सिंघल, सह-कोषाध्यक्ष प्रणीत कानोडिया, प्रवीण चैधरी, उमेष अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, राजीव गुप्ता, आशीष मित्तल, सतपाल बंसल, अमित जैन सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए थे। परम पूज्य श्री देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज ने कथा में श्रद्धालुओं को सुनाया श्री हनुमान जन्म, श्री राम विवाह व सामूहिक विवाह का प्रसंग।

इस समारोह में परम पूज्य श्री देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज ने पंडाल में उपस्थित वर वधू को आशीर्वाद भी दिया। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि सभी कन्याएं सास ससुर को माता पिता का सर्वोच्च सम्मान दें। संस्थापक अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने बताया कि संस्था द्वारा करवाया जा रहा 11 कन्याओं का सामूहिक विवाह सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि संस्था समय≤ पर दिव्यांगजनों व अन्य गरीब लोगों के लिए भी आर्थिक सहायता मुहैया करवाती रहती है और समाज में इससे बढ़कर कोई कार्य नहीं है। संस्था द्वारा इन कन्याओं को गृहस्थी जीवन शुरु करने के लिए आवष्यक संसाधन भी मुहैया कराया है। उन्होंने यह भी कहा कि हिन्दू रीति रिवाज में कन्यादान का विशेष महत्व होता है। संस्था की ओर से पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक वर वधु को तुलसी का एक पौधा भी भेंट किया गया था। उसे यादगार के रूप में घर के आसपास लगाने एवं पौधे के पल्लवन और संरक्षण के लिए प्रेरित किया किया। वर वधु ने पौधे लगाने का संकल्प भी लिया। श्री बालाजी निष्काम सेवा समिति के चेयरमैन रितेश बंसल ने कहा कि कि मैं सौभाग्यशाली हूं कि इस अवसर पर बेटियों को आशीर्वाद देने का मौका मिला है, वर वधुओं ने पारंपरिक रस्मों को पूरा किया और एक दूसरे के गले में वरमाला डाली तथा आयोजन में उपस्थित लोगों से आर्षीवाद ग्रहण किया।

विवाह समारोह बेहद शानदार तरीके से आयोजित किया गया और जोड़ों के सपनों को साकार करते हुए उनके लिए इसे जीवनभर का एक यादगार अनुभव बनाने के लिहाज से व्यापक तौर पर इंतजाम किए गए थे।

# आधुनिक युग में नारी सशक्तिकरण की प्रतिमूर्ति के रूप में अहिल्याबाई होल्कर का योगदान- प्रो.सुषमा पाण्डेय



गोरखपुर । बुधवार को चन्द्रकान्ति रमावती देवी आर्य महिला पी.जी. कालेज, गोरखपुर के बी.एड्. विभाग द्वारा - आधुनिक युग में नारी सशक्तिकरण की विराट प्रतिमूर्ति अहिल्याबाई होल्कर, विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दीन दयाल उपाध्याय, गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के शिक्षा शास्त्र विभाग की आचार्य प्रो.सुषमा पाण्डेय ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभागियों/ छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने नारी सशक्तिकरण की दिशा में विशेष प्रयास किया तथा उनकी शिक्षा एवं उत्थान के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। भारत की महिलाओं ने इतिहास में वह स्थान अर्जित किया है जिससे देवता भी वंचित रहे हैं। महारानी अहिल्याबाई होलकर का व्यक्तित्व व कृतित्व उन्हें विश्व की श्रेष्ठतम महिलाओं की पंक्ति में अग्रणी बनाता है। भारत के इतिहास और जनमानस पर उनका विशेष प्रभाव रहा है। विश्व का सबसे बड़ा महिला संगठन राष्ट्र सेविका समिति कर्तृत्व के आदर्श के रूप में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर का अनुसरण करती है। रानी न्याय करते समय अपने पराये में जरा भी भेद नहीं करती थी। व्यक्ति से लेकर पशुओं तक के दर्द को समझती थी। एक बार क्रूरता के मामले में बेटे के दोषी पाये जाने पर अहिल्याबाई होलकर बेटे को रथ के नीचे कुचलकर मारने के लिए निकल गई। राजमाता अहिल्याबाई होलकर, मालवा साम्राज्य की होलकर रानी थीं। उन्हें भारत की सबसे दूरदर्शी महिला शासकों में से एक माना जाता है। 18 वीं शताब्दी में, मालवा की महारानी के रूप में, धर्म का संदेश फैलाने में और औद्योगीकरण के प्रचार-प्रसार में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा था। देवी अहिल्याबाई होलकर के 300वें जयंती वर्ष को पूरे देश में मनाने के लिए 'लोकमाता अहिल्याबाई होलकर देशभर के प्रख्यात कलाकार, शिक्षाविद्, साहित्यकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हैं। अतिथि स्वागत कालेज प्रबंधक डा.विजयलक्ष्मी मिश्रा ने किया। कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय की 21 छात्राओं ने भाषण प्रतियोगिता के अन्तर्गत उत्साह से प्रतिभाग किया।

निर्णायक मंडल के रूप में डा.वीरेन्द्र कुमार गुप्ता तथा डा.अमिता अग्रवाल ने अपना सहयोग दिया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गरिमा मिश्रा, द्वितीय स्थान सम्पूर्णा पांडेय, तृतीय स्थान हुमा बानो तथा सांत्वना पुरुस्कार खुशी शर्मा, रिजवाना अंसारी, सोनम वर्मा को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम संचालन बी.एड. विभागाध्यक्ष डा. अपर्णा मिश्रा ने किया। तथा धन्यवाद ज्ञापन एम. एड. विभागाध्यक्ष डा. रेखा श्रीवास्तव ने किया, इस अवसर पर प्राचार्य डा. सुमन सिंह तथा महाविद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

# वाराणसी में गिरफ्तार महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सहित सभी कार्यकर्ता रिहा,की नारेबाजी




वाराणसी । प्रदेश विधानसभा का घेराव करने लखनऊ जा रहे गिरफ्तार कांग्रेसी बुधवार अपरान्ह में मुचलके पर रिहा हो गए। रिहाई के बाद कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पार्टी के स्थानीय महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने इस दौरान आरोप लगाया कि प्रदेश और केंद्र की सरकार लगातार लोकतंत्र और संविधान की हत्या कर रही है। गांधीवादी तरीके से कांग्रेस के विधानसभा घेरो कार्यक्रम को दबाने के लिए पूरे प्रदेश में हर जगह कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोकने का काम किया गया। यहां तक की बनारस सहित अन्य शहरों में कार्यकर्ताओं को उनके घरों में ही नजर बंद कर दिया गया। इसकी जितनी भी निंदा की जाय कम ही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि यह कार्यवाही लोकतंत्र संविधान की हत्या है। हमारे मौलिक अधिकारों की हत्या की जा रही है। जिसे पार्टी कार्यकर्ता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। बढ़ती हुई महंगाई, बेरोजगारी ,किसानों, मजदूरों, नौजवानों ,महिलाओं का उत्पीड़न के खिलाफ हम गांधीवादी तरीके से संघर्ष करते रहेंगे। कांग्रेस कार्यकर्ता जेल जाने, पुलिस की लाठी खाने से कभी ना डरा है और ना ही डरेगा। महानगर अध्यक्ष ने बताया कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के आह्वान पर आयोजित विधानसभा घेरो कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाग लेने के लिए कार्यकर्ता मंगलवार देर शाम कैंट स्टेशन पर पहुंचे थे। जहां पहले से ही भारी पुलिस फोर्स तैनात कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए तैनात रही। कार्यकर्ताओं और पार्टी के नेताओं को रेलवे स्टेशन के अंदर जाने से रोका गया। विरोध जताने पर सभी को गिरफ्तार कर बस में बैठा कर पुलिस लाइन ले जाया गया। जहां ठंड को देखते हुए किसी भी प्रकार की उचित व्यवस्था नहीं की गई थी। यहां तक की पीने के पानी तक की भी व्यवस्था नही की गई थी। बुधवार अपरान्ह में पुलिस लाइन से मुचलके पर सभी कांग्रेस जनों को रिहा किया गया। गिरफ्तार और रिहा होने कार्यकर्ताओं में महानगर अध्यक्ष राघवेन्द्र चौबे,फ़साहत हुसैन बाबू,सतनाम सिंह,डॉ राजेश गुप्ता, वकील अंसारी,अशोक सिंह,असलम खां,संतोष मौर्य, हसन मेहदी कब्बन, आशिष गुप्ता, अब्दुल हमीद डोडे, अफसर खां,रोहित दुबे,पीयूष श्रीवास्तव,वीरेन्द्र प्रताप सिंह,मोहम्मद उज्जेर आदि रहे।

# गोरों से नहीं डरी तो इन चोरों से क्यों डरेंगे -सैयद मुनीर अकबर



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर । उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष सैयद मुनीर अकबर में समस्त बुलंदशहर के कांग्रेस जनों को आवाहन किया है, कि हमें 18 दिसंबर को बड़ी से बड़ी संख्या में लखनऊ उत्तर प्रदेश के यशस्वी क्रांतिकारी जुझारू प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश शासन माननीय श्री अजय राय जी के निर्देश पर विधानसभा का घेराव करने जा रहे थे, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महामंत्री, उत्तर प्रदेश के प्रभारी लोकप्रिय जनप्रिय बहुत ही व्यवहार कुशल माननीय श्री अविनाश पांडे जी की अगुवाई में विशाल प्रदर्शन किया!! सैयद मुनीर अकबर ने सब साथियों से निवेदन किया है, कि जनपद बुलंदशहर के ही नहीं उत्तर प्रदेश के कोने कोने के तमाम कांग्रेस जन लखनऊ पर पहुंच सैयद मुनीर अकबर ने आगे कहा है, जिस कांग्रेस के नेताओं, स्वतंत्रता सेनानी ने हंसते-हंसते सीनों पर गोलियां नहीं खाई होती, फांसी के तख्ते पर नहीं झूले होते तो कभी भी भारत आजाद नहीं होता भारत की आजादी के 75 साल बाद इस जालिम हुकूमत ने किस तरीके से उत्तर प्रदेश में नहीं देश में मां बहन बेटियां जिन हाथों पर राखी बांधती है उन्हें कटवाने का काम जाति और धर्म की आड़ लेकर लोगों को घर से बेघर किया जा रहा है! उन्होंने बताया कि आज उत्तर प्रदेश में जंगल राज कायम है, उत्तर प्रदेश में कब और कहां किसकी हत्या हो जाए कुछ कहा नहीं जा सकता, महंगाई इतनी बड़ गई है, कि लोग त्राहित्रिाहि कर रहे हैं,भूखों मरने कि नौबत आ गई है, हमारे क्रांतिकारी, जुझारू,संघर्ष शील प्रदेश अध्यक्ष श्री अजय राय जी के निर्देश के पर आज़ 18 तारीख को विधानसभा का घेराव करने जा रहे थे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया,बुलंदशहर से गिरफ्तारी देने वालों में उत्तर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष सैयद मुनीर अकबर, बुलंदशहर से लोकसभा प्रत्याशी रहे शिवराम बाल्मीकि, पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी, जिला महामंत्री व पी सी सी सदस्य साजिद चौधरी, कमरुज्जमा खान, चौधरी नरेंद्र, सुभाष चन्द्र, जियाउर्रहमान पूर्व प्रत्याशी शिकारपुर, इजरायल गहलोत,विशाल भारद्वाज, विनोद कुमारशर्मा,मनीष तिवारी,भुपेंद्र जाटव,आनंद वर्मा,भोपाल यादव,चमन लाल आदि मौजूद थे

# सूरजभान सरस्वती विद्या मन्दिर में विज्ञान प्रदर्शनी में बाल वैज्ञानिकों ने प्रस्तुत किए मॉडल प्रोजेक्ट



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर । शिकारपुर नगर के सूरजभान सरस्वती विद्या मन्दिर इन्टर कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर हर वर्ष की भांति विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारम्भ एसडीएम दीपक कुमार पाल, द्वारा फीता काटकर व विद्यालय के अध्यक्ष विजेन्द्र दत्त शर्मा, प्रबंधक अनिल कुमार मित्तल, एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्म सिंह, तथा प्रबंध समिति के समस्त पदाधिकारी द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन तथा पुष्पार्चन कर किया गया इस मौके पर बुलन्दशहर सह जिला विद्यालय निरीक्षक दिनेश यादव, विद्या भारती क्षेत्रीय अध्यक्ष मनवीर सिंह, विद्या भारती कार्यकारिणी के सदस्य रमेश चन्द्र पांडे, जेपी विश्वविद्यालय अनूपशहर के कुलपति प्रोफेसर राजीव सक्सेना, श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय के प्राचार्य ललित कुमार, तथा सीओ शिव ठाकुर, आदि इस कार्यक्रम के साक्षी बने कार्यक्रम के संयोजक केशव कुमार, रहे कार्यक्रम की प्रस्ताविकी विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्म सिंह, द्वारा की गई कार्यक्रम का संचालन सामाजिक विभाग के वरिष्ठ आचार्य तेजवीर सिंह, ने किया कार्यक्रम के संयोजक, ने बताया कि भारत के वैज्ञानिकों ने सर्वप्रथम कोलकाता में अपनी खोज विज्ञान के क्षेत्र में कर अपना व भारत का नाम स्वर्ण अक्षरों में अर्जित कराया जब से ही भारत में यह दिन विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है इस अमूल्य योगदान के लिए वैज्ञानिक सी.वी. रमन को विज्ञान के क्षेत्र में 1930 ई. में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यालय के 448 बाल वैज्ञानिकों प्रतिभाग किया

उन्होंने अपने मॉडल और प्रोजेक्ट द्वारा अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए सोलर सिस्टम, प्रदूषण निवारण मॉडल, स्मार्ट डस्टबिन, रोबोट मॉडल, ड्रोन कैमरा, भारतीय संस्कृति के प्रतीक, एवं मार्केटिंग में एटीएम का प्रयोग बैंक से सम्बन्धित जानकारी नई करेंसी, पुरानी करेंसी, तथा कला के क्षेत्र में, सेंसर द्वारा बनी हुए विभिन्न टेक्नोलॉजी से सम्बन्धित प्रोजेक्ट तैयार किए गए वर्तमान समय की आवश्यकताओं को समझते हुए बाल वैज्ञानिकों ने प्रदर्शनी को भव्य रूप प्रदान किया तथा विभिन्न विषयों के विशेषज्ञ एवं उनके जीवन वृतांत इस विज्ञान प्रदर्शनी में बाल वैज्ञानिकों ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया इस मौके पर विद्यालय के उपप्रधानाचार्य योगेश चन्द गुप्ता, हरकेश कुमार मीणा, कोमल प्रसाद शर्मा, मनोहर लाल, रोबिन कुमार, महेश शर्मा, अनित कुमार, प्रवीण कुमार गणित, ललित कुमार पाठक, यशपाल सिंह, सोनाली राजदूत, कनिका गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार शर्मा, आदि समस्त स्टाफ मौजूद रहा ।

# झारखंड में 'बलात्कार' के बाद 14 वर्षीय किशोरी की मौत

चाइबासा । झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में एक व्यक्ति द्वारा कथित रूप से बलात्कार किए जाने के बाद आंगनवाड़ी केंद्र के पास बेहोश मिली 14 वर्षीय लड़की ने बुधवार को ओडिशा के एक अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि लड़की के परिवार के सदस्यों ने जगन्नाथपुर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है जिसमें आरोप लगाया गया है कि नाबालिग के साथ बलात्कार किया गया। जगन्नाथपुर पुलिस थाने के प्रभारी शिवनारायण तिवारी ने बताया, ''ग्रामीणों के अनुसार नाबालिग लड़की मंगलवार शाम को आंगनवाड़ी केंद्र के पास बेहोश मिली थी और उसके कपड़े फटे हुए थे। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया और बाद में सीमावर्ती ओडिशा के एक उप-मंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।'' उन्होंने बताया कि मौत के कारणों का पता लगाने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। तिवारी ने बताया, ''आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसे यहां एक अदालत में पेश किया जाएगा। एक प्राथमिकी भी दर्ज की गई है।''एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़ लिया और उसकी पिटाई की। पुलिस की एक टीम ने मौके पर पहुंच कर उसे हिरासत में ले लिया।

## संक्षिप्त समाचार

# घने कोहरे के चलते सड़क डिवाइडर से टकराया ट्रक



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस अमित कुमार**

हापुड़ । बाबूगढ़ कोतवाली क्षेत्र के उपेड़ा गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर कोहरे के कारण एक ट्रक डिवाइडर से जा टकराया। इस दौरान वाहन क्षतिग्रस्त हो गया जिसमें बैठा चालक घायल हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और चालक को अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही क्रेन की मदद से ट्रक को साइड कराया। आपको बता दें कि मामला बुधवार की सुबह का है जब बाबूगढ़ क्षेत्र के उपेड़ा गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर कोहरे के कारण एक ट्रक डिवाइडर से जा टकराया। सड़क हादसे के दौरान चीख पुकार मच गई। इस दौरान चालक घायल हो गया। राहगीरों ने पुलिस को मामले से अवगत कराया। इसके बाद पुलिस ने चालक को अस्पताल पहुंचाया। साथ ही क्रेन की सहायता से वाहन को हटाया।

# सिंमरौली में सड़क क्रॉस कर रहे मोर की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस अमित कुमार**

हापुड़ । थाना बाबूगढ़ के अंतर्गत बुधवार की सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए एक सड़क हादसे में राष्ट्रीय पक्षी की मौत हो गई। यह हादसा सिमरौली के हनुमान मंदिर के पास हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बुधवार की सुबह सिमरौली मंदिर के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग पर राष्ट्रीय पक्षी मोर सड़क पार कर रहा था कि एक तेज रफ्तार वाहन ने मोर को टक्कर मार दी जिस कारण मोर बुरी तरह घायल हो गया। घायल मोर ने तड़प-तड़प पर अपनी जान दे दी। राहगीरों ने थाना बाबूगढ़ पुलिस को सूचना दी। वन विभाग व थाना बाबूगढ़ प्रभारी विजय कुमार गुप्ता मौके पर पहुंचे और सम्मान के साथ मोर का अंतिम संस्कार कराया।

# गन्ने से भरे ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राला ने रेलवे फाटक के बूम में मारी टक्कर टूटकर गिरा एचटी लाइन पर बड़ा हादसा टला



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस अमित कुमार**

हापुड़ । थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के कुचेसर रोड चोपला रेलवे फाटक संख्या 62 सी पर एक गन्ने से भरे ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राला ने रेलवे के बैरियर मैं टक्कर मारकर रेलवे का बूम तोड़ दिया टक्कर लगने से बूम ऊपर जा रही ओ एच ई वायर से टकरा गया जिससे तेज चिंगारी के साथ धमाका हुआ गेट मेन ने तत्काल बूम को लाइन से हटाया बड़ा हादसा टल गया। गन्ना मोहम्मदपुर के केंद्र से सिंभावली शुगर मिल जा रहा था। बुधवार की शाम लगभग ,6.55 बजे फाटक के बूम में टक्कर मार दी गनीमत यह रही कि ओ एच आई वायर से टकराने के बाद तार नहीं टूटा अन्यथा बहुत बड़ा हादसा हो सकता था गेटमैन विपिन शर्मा ने तत्काल टूटे हुए बम को हटाकर वहां आपातकाल बैरियर कॉल लगाया और अधिकारियों को अवगत कराया। जिसके कारण इंटरसिटी एक्सप्रेस सहित कई गाड़ियां जहां-तहां रुक गई काफी समय के बाद मैकेनिकों के द्वारा कार्य को सही पूर्ण किया गया तब कहीं जाकर ट्रेनों का संचालन हो सका। आपको बता दें कि यहां अब से पहले भी कई बार बड़ी-बड़ी गाड़ियों से रेलवे का बूम टूट कर ओ एच ई वायर पर गिरने का कोई पहला मामला नहीं है अब से पहले भी कई घटनाएं हो चुकी हैं लेकिन रेलवे अधिकारी इस और कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिस हादसे बार-बार होते जा रहे हैं। रेलवे के उच्च अधिकारी इस पर ध्यान दें तो हादसो पर अंकुश लगाया जा सकता है।

# केदारनाथ मंदिर के निकट भैरवनाथ मंदिर में जूते पहनकर घूमते व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज

देहरादून । केदारनाथ मंदिर के निकट स्थित भैरवनाथ मंदिर क्षेत्र में एक व्यक्ति के जूते पहन कर घूमने और हाथ में डंडा लेकर मूर्तियों से छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने उसके तथा दो अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। रुद्रप्रयाग पुलिस से बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार, लोगों की धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप में सोनप्रयाग कोतवाली में सज्जन कुमार, उसे काम पर रखने वाले ठेकेदार तथा संबंधित कंपनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है । विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सोमवार को वायरल हुए वीडियो में दिखाई दे रहा है कि एक व्यक्ति भैरवनाथ मंदिर परिसर में जूते पहनकर घूम रहा है तथा हाथ में पकड़े डंडे से मंदिर की मूर्तियों से छेड़छाड़ कर रहा है। उस व्यक्ति की यह गतिविधि मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड हो गयी। केदारनाथ के तीर्थपुरोहितों ओर से भी मामले को लेकर नाराज़गी व्यक्त की गयी जिसके बाद हरकत में आयी पुलिस ने तत्काल वीडियो की जांच शुरू की। जिला पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह वीडियो थोड़ा पुराना पाया गया। पता चला है कि वीडियो में दिख रहा व्यक्ति केदारनाथ पुर्ननिर्माण कार्यों में लगी एक कंपनी का मजदूर है। यह पता चलने के बाद भारतीय न्याय संहिता की धारा 298 व 331 (धार्मिक भावनायें आहत करने, जबरन घुसना) के तहत सज्जन कुमार, संबंधित ठेकेदार और कंपनी के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गयी है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया है।